तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

## खुर्सीपार में सड़क पार कर रही महिला से उठाईगिरी, रायपुर की ओर भागे आरोपी

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में एक महिला लूट की शिकार हो गई। महिला अपनी बेटी के साथ सड़क पार कर रही थी कि इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने हैंड बैग को छिनकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार संगम चौक पुरैना वार्ड 40 भिलाई-3 निवासी बी संध्या पति बी कृष्णा राव (33 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि वे मां ए जय ललिता के पास खुर्सीपार भिलाई जाने पुरैना भिलाई तीन से ऑटो बैठकर खुर्सीपार गेट चौक पहुंची। साथ में 12 वर्षीय बेटी भी थी। आटो से उतरकर पैदल चौक क्रास कर जैसे ही सर्विस रोड पहुंची कि पावर हाउस भिलाई तरफ से बाइक सवार तीन लड़के उनके दाहिने कंधा में लटके हेण्ड बैग को एक लड़का झपट्टा मारकर सर्विस रोड से हाइवे होते हुए रायपुर की ओर भाग गए। घटना शाम करीब 5 बजे की है। हेण्ड बैंग में नगद 15000 रुपए, बैंक आफ बड़ौदा खुर्सीपार भिलाई का पासबुक और एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड था।

### खबर संक्षेप

## सिगरेट मांगने पर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां सिगरेट मांगने जैसी मामूली बात से शुरू हुआ झगड़ा जानलेवा पहुंच गया। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 118(1), 109, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार घटना 7 अप्रैल की है। प्रार्थी मोहम्मद वसी निवासी छावनी कैंप 2 बड़ी मस्जिद के पास अयाज अहमद सिद्दीकी के कैरम सेंटर में बैठा था। इसी दौरान एक युवक ने उससे सिगरेट मांगी, मना करने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और आरोपी अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने उसका गला दबाते हुए धारदार हथियार से उसकी हत्या करने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर प हुंची। पुलिस मामला दर्ज जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी मो. रफीक, वसीम कुरैशी उर्फ कालू और रज्जा अहमद उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार वस्तु और अन्य सामग्री भी जब्त की है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### आरटीई में इस बार जिले में केवल 1427 सीटें, आवेदन 3485

# नामी स्कूलों में दाखिले के लिए आए 4% अधिक आवेदन, 895 फार्म निरस्त, 21 डुप्लीकेट मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

अनिवार्य व निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए सीटें कम होने की वजह से बीपीएल वर्ग के बच्चों को मशक्कत करनी पड़ रही है। जिले के स्कूलों में 1427 सीटें हैं। इन सीटों के लिए आए आवेदनों की स्कूटनी का काम पूरा कर लिया गया है।

जिसमें 895 आवेदन निरस्त हो गए हैं और 21 डुप्लीकेट फार्म भी मिले हैं। खास बात यह है कि भिलाई के नामी निजी स्कूलों में दाखिले के लिए इस बार मारामारी की स्थिति है। हालात यह है कि इन स्कूलों में सीटों की तुलना में चार गुना ज्यादा आवेदन आए हैं।



जिले में पिछले छह साल में आरटीई की सीटें

| वर्ष | सीटें |
|---|---|
| 2021-22 | 6744 |
| 2022-23 | 5720 |
| 2023-24 | 4591 |
| 2024-25 | 4298 |
| 2025-26 | 3819 |
| 2026-27 | 1427 |

### 1900 बच्चों के आवेदन हुए अनुमोदित

जिले में आरटीई से प्रवेश लेने के लिए 3 हजार 485 आवेदन किए गए। इनमें से 1900 बच्चों के आवेदन नोडल अधिकारियों ने अनुमोदित किए हैं। यानी पहले चरण की लाटरी इन बच्चों की निकलेगी। 666 बच्चों के पालकों ने अधूरे फार्म भरे थे। इसलिए इन बच्चों को दोबारा फार्म भरने की जरूरत पड़ेगी। पहले चरण की लाटरी के बाद अपूर्ण आवेदन वाले बच्चों को फिर से आवेदन करने का मौका दिया जाएगा। आरटीई पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

### इस बार आरटीई की 2392 सीटें घटीं

पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में आरटीई की सीटें दुर्ग जिले की 3819 थी। इस साल नए शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में 1427 सीटों पर दाखिले हो रहे हैं। इस तरह इस बार 2392 सीटें कम हो गई हैं। इतनी कम सीटें होने की वजह नए नियम से दाखिला होना है। शासन ने इस बार नर्सरी और केजी वन में प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया है। यानी सीधे क्लास वन में ही प्रवेश हो रहे हैं। जिसकी वजह से न केवल आरटीई की सीटों की संख्या घटी है बल्कि स्कूल भी कम हो गए हैं।

### नामी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऐसी मारामारी

| स्कूल का नाम | सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| देहली पब्लिक स्कूल भिलाई | 01 | 33 |
| डीपीएस दुर्ग | 35 | 74 |
| शंकराचार्य हुडको | 24 | 77 |
| डीएवी हुडको | 31 | 71 |
| केपीएस नेहरू नगर | 34 | 114 |
| डीएवी इस्पात सेक्टर-2 | 18 | 78 |
| शारदा विद्यालय रिसाली | 20 | 179 |
| मैत्री विद्या निकेतन | 18 | 176 |
| इंदु आईटी | 13 | 181 |
| हैरिटेज इंटरनेशनल | 11 | 61 |
| केपीएस उतई | 05 | 58 |
| शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 | 38 | 88 |

### फर्जी दस्तावेज पर कार्रवाई- 23 बच्चों का दाखिला निरस्त

आरटीई की पात्रता नियम को लेकर पिछले 10 साल से बवाल चल रहा है। नियम के तहत वर्ष 2007-2008 की सर्वे सूची में आवेदित बच्चे की मां और पिता दोनों का नाम होना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद भी जब भी आरटीई में बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है इस पात्रता नियम का उल्लंघन ही सामने आया है। सर्वे सूची में आवेदित बच्चे की मां और पिता के बजाय दादा-दादी के नाम को भी मान्य कर प्रवेश हो रहे हैं। नगर निगम से फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रवेश हुए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला शिक्षा विभाग ने जांच के बाद ऐसे 23 बच्चों का दाखिला निरस्त करने की कार्रवाई की है।

## अवैध शराब और पशु तस्करी पर बड़ा एक्शन, 3 वाहन राजसात

**भिलाई।** अवैध शराब परिवहन और पशु तस्करी के खिलाफ दुर्ग पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस की कार्रवाई के बाद अब प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए तीन वाहनों को राजसात करने का आदेश जारी किया है।जानकारी के मुताबिक थाना जामुल और थाना रानीतराई क्षेत्र में दर्ज अलग-अलग प्रकरणों में इन वाहनों का उपयोग अवैध गतिविधियों में किया गया था। इन मामलों में पुलिस ने पहले ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहनों को जब्त कर लिया था। पहला मामला थाना जामुल का है, जहां वर्ष 2021 में एक आइसर वाहन क्रमांक सीजी-07 बीएस 1180 में अवैध शराब का परिवहन करते हुए आरोपी को पकड़ा गया था। इसके अलावा वर्ष 2024 में जामुल क्षेत्र में एक पिक-अप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 2670 और रानीतराई क्षेत्र में एक अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक यूपी 11 सीटी 5490 में मवेशियों की तस्करी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इन सभी प्रकरणों में दुर्ग पुलिस ने विधिवत प्रतिवेदन तैयार कर वाहनों के राजसात की अनुशंसा की थी। मामले की सुनवाई के बाद जिलाधीश दुर्ग ने तीनों वाहनों को राजसात करने का आदेश पारित किया।




## एयर गन से दो लंगूरों का शिकार करने वाले को भेजा गया जेल

**दुर्ग।** वन विभाग और पुलिस प्रशासन दुर्ग की संयुक्त टीम ने वन्यजीव अपराध के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए दनिया बोरी में दो लंगूरों के शिकार के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने एयर गन से वन्य प्राणी का शिकार करने वाले मुख्य अभियुक्त अजय पिता लुमन पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर दनिया में दबिश दी। आरोप है कि अभियुक्त द्वारा दो लंगूरों का एयर गन से अवैध शिकार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि लंगूर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 02 के अनुक्रमांक 24 के अंतर्गत संरक्षित वन्यजीव है। इस गंभीर कृत्य पर त्वरित संज्ञान लेते हुए वन विभाग दुर्ग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09, 39 एवं 51 के उल्लंघन के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6983/17 पंजीबद्ध किया गया। अजय पटेल को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 21 अप्रैल तक की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।






## तालाब में डूबने से युवक की मौत

### एसडीआरएफ टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद लाश को निकाला बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कैंप-2 छावनी क्षेत्र स्थित शारदा तालाब में एक युवक के डूबने से मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना कंट्रोल रूम दुर्ग को मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

करीब 18 घंटे की मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह करबी 9 बजे एसडीआरएफ टीम द्वारा शव को बाहर निकाला गया। युवक का शवकुंभी में फंसा हुआ था।जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को सूचना पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर डीप डाइविंग टीम ने तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान संतोष यादव पिता बिसौहा यादव (45 वर्ष) निवासी शारदा पारा, कैंप-2 भिलाई के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और डूबने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।




## मार्केट में सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध जुआ और सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुरानी भिलाई पुलिस ने चरोदा में सार्वजनिक स्थान पर सट्टा संचालित करते एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अंकों के आधार पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा चला रहा है। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक रामस्वरूप कुरेशिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेड कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी प्रफुल्ल प्रधान (68 वर्ष) निवासी राजीव नगर चरोदा को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 5,500 रुपए नगद, सट्टा पट्टी और एक डॉट पेन जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।



**खबर संक्षेप**

## अक्षय तृतीया 20 को बाल विवाह रोकने प्रशासन ने बनाई टीम

**दुर्ग।** बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार तैयारी पूरी कर ली है। अक्षय तृतीया के दिन 20 अप्रैल को इसे लेकर विशेष तैयारी की गई है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे लेकर जनपद पंचायत के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जाम्बुलकर और परियोजना समन्वयक चन्द्रप्रकाश पटेल ने सचिवों को बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। सचिवों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि कहीं भी बाल विवाह न हो और यदि किसी सूचना के माध्यम से बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो उसे तत्काल रोका जाए एवं विधिवत कार्रवाई की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजी का संधारण अनिवार्य है। सचिवों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए कहा गया कि उनके ग्राम पंचायत में विगत 2 वर्षों में कोई बाल विवाह नहीं हुआ है। यह प्रमाण पत्र जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा सके। साथ ही सचिवों को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायत, ग्राम सभा से अनुमोदित प्रस्ताव बाल विवाह न होने संबंधी तत्काल भेजे जाएं, और उपरोक्त कार्यवाही की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को भी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जनपद पंचायत पाटन, जनपद पंचायत धमधा और नगरीय निकायों में भी विवाह पंजी का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# 32 बंगला की तरफ रास्ता खोलने उठी मांग, महापौर मिलीं डिप्टी सीएम से

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पिछले करीब 15 सालों से बंद 32 बंगला की तरफ के रेलवे फाटक के आसपास अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग महापौर अल्का बाघमार ने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से की है। इसे लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को अवगत कराया कि पिछले करीब 15 सालों से यह रास्ता बंद है, जबकि एक समय इस मार्ग से ही भिलाई टाउनशिप और हुडको की ओर जाया जाता था। वर्तमान में शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। टाउनशिप की ओर जाने के लिए लोगों को वाइशेप ब्रिज के जरिए जाना पड़ता है। वाइशेप ब्रिज में ट्रैफिक का दबाव अधिक है। इसके अलावा हुडको की आवाजाही को लेकर भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग लगातार इस मार्ग पर अंडर ब्रिज निर्माण को लेकर मांग कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस विषय पर सार्थक चर्चा के बाद अधिकारियों को सर्वे के लिए निर्देशित किए जाने का भरोसा दिलाया।

## महापौर ने तकनीकी पहलुओं से कराया अवगत, अंडरब्रिज बनाने का दिया प्रस्ताव

### रायपुर नाका के आसपास शहर का हुआ विस्तार

महापौर ने अवगत कराया कि रायपुर नाका के आसपास शहर का तेजी से विस्तार हुआ है। उत्कल नगर, रायपुर नाका, सिंधिया नगर, तितुरडीह, आशा नगर, हरिनगर से लेकर अन्य बस्तियां बस चुकी हैं, जहां से हर दिन हजारों की संख्या में लोगों को टाउनशिप की तरफ आवाजाही करनी पड़ती है। ब्रिज में अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, इस वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। महापौर अलका बाघमार ने इसे लेकर मांग पत्र भी सौंपा। महापौर ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में दुर्ग से भिलाई फ्लाईओवर के नीचे केवल एक दिशा में ही अंडरब्रिज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे यातायात का संतुलन प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर हुडको कॉलोनी की दिशा में सीधा मार्ग न होने के कारण नागरिकों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी अनावश्यक खपत हो रही है।


गुरुवार को महापौर ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की।

### शहर के अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा

इस अवसर पर महापौर ने शहर विकास से जुड़े अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने वस्तु स्थिति से अवगत कराया। अंडर ब्रिज को लेकर कहा कि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और यहां दिन-प्रतिदिन वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसे में अधूरी यातायात संरचना के कारण जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। महापौर अलका बाघमार ने मंत्री को अवगत कराया कि यदि दुर्ग फ्लाईओवर के नीचे से दुर्ग से हुडको कॉलोनी की ओर भी अंडरब्रिज का निर्माण कर दिया जाए तो न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बन सकेगी।मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस कार्य से स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी तथा दुर्ग शहर के समग्र विकास को भी नई गति प्राप्त होगी।

## मौसम खुलते ही तापमान में हो रही बढ़ोतरी, दिन का पारा सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा

# दिन और रात के तापमान में 16 डिग्री का अंतर, चार दिन में पारा पहुंचेगा 42 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गुरुवार से तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने लगी है। ट्विनसिटी में सुबह नमी की स्थिति बनी रही लेकिन दोपहर खूब तपा। तेज धूप की वजह से गर्मी का एहसास हुआ। भिलाई-दुर्ग का पारा 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा लेकिन पिछले तीन दिनों से बादल छाए होने और कहीं-कहीं बारिश होने की वजह से इससे नीचे पारा चला गया था। यह सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। मौसम विभाग ने दुर्ग भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिनों तक अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना जताई है। यानी पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।



### ये है सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक समुद्र ताल से 0.9 किमी ऊपर ओडिशा के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। ओडिशा और आसपास के इलाकों में चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से लेकर तेलंगाना रायलसीमा और आंतरिक तमिलनाडु से होते हुए मन्नार की खाड़ी तक फैली उत्तर-दक्षिण गर्त पवन समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है।

### मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक 10 अप्रैल को प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 2 दिनों के बाद प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। दुर्ग भिलाई शहर में 10 अप्रैल को आकाश मुख्यतः साफ रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमाप 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## विधायक निधि के कामों की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन, संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आज

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को 1 अप्रैल से ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया गया है। इसे लेकर दुर्ग संभाग के सभी जिलों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल को किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित है। प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त जिलों दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण के सुचारू संचालन हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय की उपसंचालक कविता एंथोनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से विधायकों के निज सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों जैसे नगर पालिक निगम, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी व उनके डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के उपसंचालक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी और विधायक निधि शाखा के कर्मचारी भी इस सत्र में भाग लेंगे। कलेक्टर ने संबंधित जिला प्रमुखों को प्रशिक्षण में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ऑनलाइन प्रणाली का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जा सके।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित धनोरा के कॉलोनीवासी

## धनोरा में पुलिस चौकी खोलने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ग्राम धनोरा इन दिनों शहर में तब्दील हो गया है। यहां की जनसंख्या लगभग 25 हजार से ज्यादा हो चुकी है। साथ ही असामाजिक तत्वों और नशाखोरों के कारण कॉलोनीवासी काफी परेशान है।


कॉलोनिवासियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही। ग्राम पंचायत धनोरा के अंतर्गत सरोजनी नगर, शकुन्तला नगर, वेंदान्त नगर, देवांश नगर, एकता नगर, देव विहार, अमित विहार, दुर्गा आंगन, द्वारिका विहार, साकेत विहार, आनंद नगर, मातृछाया, रोहिणीपुरम कॉलोनी, जगदीश विहार, महिमा कॉलोनी, कृष्णा विहार, गोकूल विहार, मन्नम नगर, राम नगर, मोती नगर, जानकी नगर, राजेन्द्र रेसीडेंसी, प्रयाग नगर आदि नामों से कॉलोनियों का विस्तार हो गया है। ग्राम पंचायत धनोरा अब ग्राम नहीं रहा अब एक नगर का रूप ले लिया है। धनोरा को नगर पंचायत अथवा रिसाली नगर निगम में शामिल कर लिया जाए जिससे इन कॉलोनियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो सकता है। खेतों के हरे भरे वृक्षों को बिना अनुमति रातों रात काटा जा रहा है। भू माफिया, दलाल अपने आलिशान कार्यालय बनाकर लोगों को आकर्षित कर रहे हैं, न नाली की सुविधा है, न सड़क है, न विद्युत व्यवस्था। कालोनीवासियों का कहना है कि धनोरा में रहते हुए मूलभूत सुविधा नहीं मिल सकता। नगर पालिक निगम रिसाली में इसे शामिल करने से सड़क, पानी, बिजली, नाली निर्माण जैसे सुविधाओं का त्वरित रूप से विस्तार होगा। भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा दिया गया है। ग्रामीण कॉलोनी को धनोरा का गांव नहीं मानते जबकि प्रापर्टी टैक्स बकायदा ग्राम पंचायत धनोरा को जमा करते है। उसके बावजूद प्रधान मंत्री नल जल योजना का पाइप लाइन कालोनियों के बहुत से घरों तक अभी तक नहीं पहुंचा है। नागरिकों ने धनोरा में अविलंब पुलिस चौकी खोलने की मांग की है।

World Homeopathy Day



# हेनीमेन जयंतीः होम्योपैथी के जनक को नमन

हर वर्ष 10 अप्रैल को विश्वभर में हेनीमेन जयंती मनाई जाती है। यह दिन होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हेनीमेन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ "समरूपता के सिद्धांत" (Like cures like) को स्थापित कर उपचार की एक अनूठी प्रणाली विकसित की, जो आज भी लाखों लोगों के लिए प्रभावी और सुरक्षित विकल्प बनी हुई है।






डॉ. सैमुअल हेनीमेन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था। वे एक महान चिकित्सक, वैज्ञानिक और विचारक थे, जिन्होंने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से हटकर एक नई चिकित्सा प्रणाली—होम्योपैथी—की नींव रखी। उस समय प्रचलित इलाज के तरीकों से असंतुष्ट होकर उन्होंने गहन अध्ययन और प्रयोगों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि जिस पदार्थ से किसी स्वस्थ व्यक्ति में लक्षण उत्पन्न होते हैं, वही पदार्थ अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में रोगी को देने पर उन लक्षणों को ठीक कर सकता है।

हेनीमेन ने इस सिद्धांत को "Similia Similibus Curentur" यानी "समरूपता द्वारा उपचार" के रूप में प्रस्तुत किया। यही होम्योपैथी का मूल आधार है। उन्होंने दवाओं की सूक्ष्म मात्रा (Potentization) और न्यूनतम डोज के सिद्धांत को भी विकसित किया, जिससे उपचार बिना दुष्प्रभाव के संभव हो सका।

आज के दौर में, जब लोग साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं, होम्योपैथी तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह पद्धति न केवल रोग के लक्षणों को कम करती है, बल्कि उसके मूल कारण को भी दूर करने का प्रयास करती है। त्वचा रोग, एलर्जी, श्वसन रोग, पाचन तंत्र की समस्याएं, मानसिक तनाव, जोड़ों के दर्द और कई क्रॉनिक बीमारियों में होम्योपैथी प्रभावी मानी जाती है।


विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा उपयोग की जाने वाली चिकित्सा पद्धति है।












## खबर संक्षेप

### जितेन्द्र बने भाजयुमो धमधा मंडल के नए अध्यक्ष



**धमधा।** दुर्ग जिला के धमधा मंडल में युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र साहू की नियुक्ति की गई है। जितेन्द्र साहू ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### समस्याओं को लेकर कांग्रेस का पालिका घेराव आज



**जामुल।** जामुल नगर पालिका क्षेत्र के समस्त वार्डों की मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं घेराव का कार्यक्रम 10 अप्रैल शुक्रवार को रखा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग -ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह आंदोलन होगा। जामुल ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू के मुताबिक पेयजल का गंभीर संकट, नाली सफाई में लापरवाही, वार्डों में मच्छरों का बढ़ता आतंक, पेंशन भुगतान में अनियमितता, आवास की किस्तों का समय पर भुगतान नहीं होना, पट्टा नवीनीकरण में देरी एवं डेरहा-लकड़ी टाल से नहर पुल तक सड़क मरम्मत आदि जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर एक दिवसीय आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष कमलेश साहू ने ब्लॉक कांग्रेस जामुल के समस्त पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, पार्षद गण व छाया पार्षद गण तथा सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि सुबह 10:00 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### सेन समाज महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान



**पाटन।** सर्व सेन समाज भवन रानीतराई में महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों की 14 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय सेन जयंती मनाई जाएगी के संदर्भ में बैठक रखी गई जिसमें नवनियुक्त महिला पदाधिकारी का श्रीफल एवं साड़ी भेंटकर सम्मान किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परिक्षेत्र के सभी परिवारों की उपस्थिति की अपील की गई। वहीं जयंती की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्ष नारद सेन, सचिव घनश्याम सेन, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तुलसी सेन, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जनार्दन सेन, सरंक्षक यादव राम सेन, द्वारिका सेन, तेजराम सेन, मनहरन सेन, डमेश सेन, डोमन सेन, गजरा बाई सेन अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रानीतराई भामा सेन उपाध्यक्ष, दामिनी सेन कोषाअध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आदि उपस्थित थे।

### सेलूद में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू



**सेलूद।** ग्राम सेलूद के ग्रामीणों को मिलेगा विभिन्न डिजिटल सुविधाएं इस ₹अटल डिजिटल सेवा केंद्र₹ शुभारम्भ से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ग्राम पंचायत सेलुद सरपंच खिलेश मारकंडे ने पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामवासियों को विभिन्न शासकीय एवं ऑनलाइन सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी।

#### निधन

### टी थैंकम्मा नैनन



**भिलाई।** सड़क-13, सेक्टर-6 निवासी टी. थैंकम्मा नैनन (84) पति स्व. केजे नैनन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को नेहरू नगर क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे ग्रेसी पनिक्कर, लिस्सी मैथ्यू, सुसन टी के, केएन राजू और केएन राजी की मां थीं।

## प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते नहीं मिला अब तक न्याय

# दृष्टि बाधित को भी नहीं मिला सहारा 3 साल से राशन के लिए भटक रहा बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम तरीघाट में रहने वाले नेत्रहीन ईश्वर प्रसाद की पीड़ा प्रशासनिक संवेदनहीनता की एक ऐसी मार्मिक तस्वीर पेश करती है, जिसे सुनकर किसी का भी मन द्रवित हो जाए। बचपन से ही दृष्टिहीन ईश्वर प्रसाद, पिता पुनीत राम, पिछले तीन वर्षों से अपने ही हक के राशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। लेकिन अधिकारी इस गरीब का चावल तक नही दिलवा सका थक कर आज फिर अधिकारी के पास पहुता तभी 'हरिभूमि' की नजर पड़ी और पूरा मामल को समझा , ईश्वर प्रसाद का राशन कार्ड बना हुआ है और एक समय था जब उन्हें शासकीय उचित मूल्य की दुकान से नियमित रूप से चावल मिल रहा था। लेकिन तकनीकी खामियों ने उनकी जिंदगी को संकट में डाल दिया है। पॉश मशीन में उनका फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने के कारण उनका केवाईसी पूरा नहीं हो पा रहा है, और इसी वजह से उन्हें राशन से वंचित कर दिया गया है।

स्थिति की गंभीरता इस बात से और बढ़ जाती है कि नेत्रहीन होने के कारण उनका आंखों का स्कैन भी संभव नहीं है। यानी एक तरफ फिंगरप्रिंट काम नहीं कर रहा, दूसरी तरफ आईरिस स्कैन भी नहीं हो सकता ऐसे में वे पूरी तरह से सिस्टम के बीच फंस गए हैं। सवाल यह उठता है कि जब तकनीक विफल हो जाए, तो क्या मानवीय संवेदनाएं भी समाप्त हो जानी चाहिए?

**अधिकारी के पास जा कर थक चुका है ईश्वर**



ईश्वर प्रसाद ने एसडीएम कार्यालय से लेकर जनपद कार्यालय तक कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। न तो कोई ठोस समाधान निकला और न ही किसी अधिकारी ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया। प्रशासन की इस उदासीनता ने उन्हें इस कदर मजबूर कर दिया है कि अब उनके सामने भूखे रहने या भीख मांगकर जीवनयापन करने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

यह मामला केवल एक व्यक्ति की परेशानी नहीं है, बल्कि यह पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। क्या शासन-प्रशासन के पास दिव्यांगजनों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है? क्या तकनीकी खामियों के कारण किसी को उसके मूल अधिकार से वंचित करना न्यायसंगत है?

जरूरत इस बात की है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए। मैन्युअल सत्यापन, नामांकित प्रतिनिधि या अन्य मानवीय उपायों के माध्यम से ईश्वर प्रसाद जैसे जरूरतमंदों तक उनका हक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की असफलता मानी जाएगी।

# राजपुर में अवैध खनन पर स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई शुरू लेकिन खनिज विभाग नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ग्राम पंचायत राजपुर में पत्थर खनन को लेकर सामने आए बड़े अनियमितताओं के मामले में अब प्रशासन हरकत में आ गया है। क्षेत्र में पत्थर की प्रचुर उपलब्धता का फायदा उठाते हुए लंबे समय से अवैध खनन, बिना लीज संचालन और अवैध भंडारण का संगठित खेल चलने की आशंका जताई जा रही थी, जिससे जिला प्रशासन दुर्ग और खनिज

- प्रशासन जागा, एक खदान वैध तो दूसरी अवैध मिली

विभाग को भारी राजस्व नुकसान होने की बात सामने आई।

स्थानीय स्तर पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि कई खदानों का संचालन बिना वैध लीज के किया जा रहा है, जबकि कुछ संचालक कागज़ों में लीज होने का दावा करते हैं। जमीनी स्थिति को लेकर भ्रम बना हुआ था, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि कौन सी खदान वैध है और कौन अवैध।

स्थिति को और संदिग्ध तब माना गया जब कुछ स्थानों पर मछली पालन (फिशरी) के नाम पर लीज होने की बात सामने आई, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार वहां पत्थर उत्खनन जैसी गतिविधियां भी संचालित हो रही थीं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी और मामले की सच्चाई जांच पर निर्भर थी। खनन कार्य में नियमों की अनदेखी के भी गंभीर आरोप हैं। खनिज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार गौण खनिजों के उत्खनन की सामान्य गहराई सीमा लगभग 6 मीटर निर्धारित है, तथा इससे अधिक गहराई के लिए विशेष अनुमति आवश्यक होती है। साथ ही ढलान, सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य है। इसके बावजूद कई स्थानों पर निर्धारित सीमा से अधिक गहराई तक खनन किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।



### छत्तीसगढ़ में खदान संचालन के नियम

बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। पर्यावरणीय स्वीकृति लेना और निर्धारित रॉयल्टी शासन को जमा करना अनिवार्य होता है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद राजपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर पत्थरों का अवैध भंडारण किए जाने की जानकारी मिली है, जिन्हें बाद में बाजार में बेचा जाता है। इससे शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से यह गतिविधियां जारी हैं, लेकिन खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामले के मीडिया में आने के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। मौके पर निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार योगेश राजपूत एवं संबंधित हल्का पटवारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दो ऐसे स्थल चिन्हित किए गए, जहां पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा था। इनमें से एक स्थल के संबंध में लीज होने की जानकारी सामने आई है। खदान संचालक से संबंधित दस्तावेज मंगाए गए हैं, जिनकी जांच के बाद स्थल का विधिवत माप-जोख किया जाएगा। वहीं, दूसरे स्थल पर खनन कार्य स्पष्ट रूप से अवैध पाया गया है, जिस पर प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

#### अब आगे क्या?

प्रशासन की इस शुरुआती कार्रवाई के बाद अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि पूरे मामले में कितनी गहराई से जांच होती है और अवैध खनन के इस नेटवर्क पर कितनी सख्ती से लगाम लगाई जाती है।

#### जांच की जा रही

“ पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सोनल डेविड,
अनुविभागिय अधिकारी धमधा



### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती सामूहिक आदर्श विवाह भरर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

तहसील साहू संघ पाटन द्वारा 23 वें वर्ष तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन जामगांव आर परिक्षेत्र के ग्राम भरर में 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को नया रायपुर स्थित निवास में उनसे सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया। गौरतलब हो कि तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विगत 22 वर्षों से सामूहिक आदर्श विवाह एवं कर्मा जयंती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समाज के प्रदेश पदाधिकारी मुख्यमंत्री, मंत्री , सांसद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सामाजिक जन शामिल होंगे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर तहसील साहू संघ के पदाधिकारी सक्रिय हैं और लगातार पाटन तहसील के सभी 99 इकाइयों में बैठक कर सौजन्य भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महेंद्र साहू, गंगादीन साहू, किशन हिरवानी, पारखत साहू, नारद साहू, ज्योतिप्रकाश साहू, सुरेश साहू, दिलीप साहू, कौशल साहू, संजू साहू आदि उपस्थित थे।

- आयेंगे डिप्टी सीएम साव, तैयारियां जारी

# धनोरा व कातरों में विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम धनोरा और कातरों में पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर विकास कार्यों की आधार शीला रखी। विकास कार्य अंतर्गत ग्राम धनोरा भूमिपूजन डोमशेड निर्माण 10 लाख रुपए, लोकार्पण सीसी रोड 7 लाख, सीसी रोड वार्ड-1 आंगनबाड़ी से अथर्व कॉलेज तक, 22.20 लाख ग्राम कातरों लोकार्पण ओपन जिम 50 लाख, ठाकुर देव मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष 7 लाख सहित कुल 52.70 लाख रुपए का भूमिपूजन व लोकार्पण किए गए।विधायक ललित चंद्राकर ने कहा धनोरा में डोमशेड से सार्वजनिक आयोजनों व सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को छाया और बेहतर स्थान मिलेगा। साहू छात्रावास से मकसूदन लाल सपरे के घर तक तथा वार्ड-1 आंगनबाड़ी से अथर्व कॉलेज तक बन रही सीसी सड़कों से विद्यार्थियों, बुजुर्गों और रोज़मर्रा के आवागमन में सहूलियत आएगी, कीचड़-जलभराव की समस्या घटेगी। कातरों में ओपन जिम युवाओं को स्वास्थ्य व फिटनेस की दिशा में प्रेरित करेगा। ठाकुर देव मंदिर के पास बना अतिरिक्त कक्ष धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में उपयोगी होगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, शीतला , महामंत्री चंदू देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, उपसरपंच संगीता सपरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

- 52.70 लाख से होंगे कई कार्य

## समय से पहले ड्यूटी से नदारद सफाई कर्मचारियों का कटेगा वेतन

**जामुल।** नगर पालिका जामुल में विशेष सफाई अभियान का नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने निरीक्षण किया। सफाई सुपरवाईजरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सफाई कार्य किसी नगर का मुलभूत कार्यों से प्रमुख कार्य है। जिसे आप लोग गंभीरता से सफाई कार्य में हीला हवाला नहीं चलेगा सफाई कार्यों पर सतत निगरानी रखे। शिकायत मिलने पर उसे तत्काल निराकरण करें। साथ ही समय का भी ध्यान रखे। सफाई कार्य में समय पूर्व गायब रहने का वेतन काटने नियमानुसार कार्रवाई करने सूचना दें। स्वयं ही सफाई कर्मियों के साथ फील्ड में रहें। कहीं भी कभी भी अचानक निरीक्षण किया जा सकता है। आम जनता को सफाई से संबंधित किसी भी प्रकार का परेशानी न हो समय समय पर नालियों में सफाई पश्चात आवश्यक दवाई का छिड़काव करवायें। वार्डों में निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने आम जनता से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुलभूत समस्या के संबंध में आप मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे सहित सफाई कर्मी उपस्थित थे।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

## अंचल की खबरें

### गड़रिया धनकर समाज का बनेगा सामाजिक भवन



**दुर्ग।** ग्राम खपरी में छत्तीसगढ़ झोरिया गड़रिया धनकर समाज दुर्ग राज द्वारा परिक्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विकास के लिए बड़ी घोषणाएं भी की गई। इस अवसर पर समाज के मोहन पाल, सोमन लाहुरिया, उत्तम धनकर, संतोष पाल, तीरथ धनकर, दिलीप धनकर, हेमंत धनकर आदि शामिल थे। इन प्रमुख व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने समाज की एकजुटता को और मजबूती प्रदान की। मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने समाज की प्रगति के लिए 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही अनिल शर्मा चेयरमैन एसजे ग्रुप ने समाज की सुविधा के लिए बोर खनन करवाने का आश्वासन दिया। भाजपा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, हीरामन बंजारे, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र यादव और समाज के अध्यक्ष हेमचंद धनकर ने समाज को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया।मंच संचालन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश धनकर ने किया।

### सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का है महत्व



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनसा शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक व बीपीएड के 120 विद्यार्थी उपस्थित थे। डॉ. राजीव चौधरी, पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में डॉ. चौधरी ने सूर्य नमस्कार की पूर्ण जानकारी, षट्कर्म क्रियाएं और प्राणायाम पर जानकारी दी। डायट फूड, फास्टिंग के बारे में भी बताया। संचालक मनसा शिक्षा महाविद्यालय संजीव सक्सेना और प्रिंसिपल प्रो. स्मिता सक्सेना द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एस मनमत राव ने धन्यवाद ज्ञापन और मंच का संचालन किया गया।

### उतई मंडल में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**उतई।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर मुख्य अतिथि रहीं। उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गीत के साथ हुई। अपने संबोधन में सरस्वती साहू ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक दल का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा,विचारधारा और समर्पण की यात्रा का उत्सव है। पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा और मंडल महामंत्री प्रवीण यदु ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने,एकजुट होकर कार्य करने और जिले को विकास व संगठन के क्षेत्र में एक आदर्श जिला बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चंदू देवांगन ने किया। आभार व्यक्त नगर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू ने किया। इस अवसर पर सोनू राजपूत, लोकेश्वर चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर, लेखराम साहू, संगीता रजक, ममता चंद्राकर, दनेशश्वरी देशमुख, सुनीता चंद्राकर, विजय लक्ष्मी साहू, मोतिम ठाकुर, रमेश गजपाल, रामरतन मेश्राम, सोमन साहू, विनोद, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, शिव नारायण देशमुख, ललित देवांगन, हेमंत टंडन, ताकेश्वर साहू, मुकेश देवांगन, गीतेश ठाकुर, करण सेन, ओमन लाल साहू, गिरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू



**धमधा।** स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं जिला चिकित्सा अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 अप्रैल से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत धमधा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष बिजेंद्र दानी द्वारा की गई। इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मीनारायण यादव भी उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। इस दौरान उपाध्यक्ष बिजेंद्र दानी ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोपरि है और इस तरह के टीकाकरण अभियान समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बीएमओ डॉ. रचना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। टीकाकरण के दौरान अभिभावकों को बालिका का फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने होंगे आयोजन

**भिलाई।** हिन्दू जनजागृति समिति के सदस्यों ने भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन से भेंट की। इस दौरान व्यापारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल, तनावमुक्त जीवन और स्वभाव दोष निर्मलम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि हिन्दू जनजागृति समिति जल्द ही भिलाई चेम्बर के साथ मिलकर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ संगठक सुनील घनवट ने कहा कि समाज में समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य हेमंत कांस्कर, नीरज, कमज बिस्वाल और सुनील मिश्रा सहित चेम्बर के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने हुई चर्चा



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी बोरी लिटिया मंडल की प्रथम कार्य समिति बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पवन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी व जिला मंत्री गिरीश साहू मौजूद थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।
बैठक के दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर पर मजबूती और जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास और संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, महामंत्री सूरज देशमुख, नीलांबर साहू, प्रीति संतोष देवांगन सहित मंडल पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रलेसं के राष्ट्रीय सेमिनार में साहित्यकार मुंबई रवाना

**भिलाई।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ की 90 वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय सम्मेलन में प्रलेसं के भिलाई के साहित्यकार सहित छग प्रलेसंग कार्यकारिणी के सदस्य शिरकत करेंगे। सभी आज दुर्ग से मुंबई के लिए रवाना हुए। महात्मा गांधी सभा गृह में आयोजित महात्मा फुल के स्मृति में आयोजित सेमिनार व राष्ट्रीय बैठक में छग प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष नथमल शर्मा, महासचिव परमेश्वर वैष्णव, सचिव रफीक खान, ऊषा आठले, नरेश अग्रवाल शामिल होंगे।

### अंडा में आध्यात्मिक महोत्सव जारी

**अंडा।** अण्डा में 'गायत्री परिवार' के तत्वावधान में 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आध्यात्मिक महोत्सव जारी है। इस भव्य आयोजन के तहत '5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ' एवं 'श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह' में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

## पीलिया फैलने से कई घरों में उल्टी दस्त के बढ़ रहे पीड़ित, चार गंभीर

# सेक्टर सात में गंदे पानी का साइड इफेक्ट दर्जन से ज्यादा बच्चे हुए पीलिया के शिकार



### जन प्रतिनिधियों ने किया दौरा, कहा बीएसपी जल्द बदले जर्जर पाइप लाइनें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में पटरीपार के नगर निगम क्षेत्र की श्रमिक बस्तियों में दूषित पानी और गंदगी से आए दिन होने वाली बीमिरियां अब कुछ साल पहले तक नीट एंड क्लीन माने जाने वाले बीएसपी टाउनशिप में भी पांव पसार रही हैं। सेक्टर 7 में फैले पीलिया के रोग से क्षेत्रवासियों में चिंता और भय व्याप्त है। यहां गंदे नाले के किनारे के रिहायशी क्षेत्र में करीब दो दर्जन दर्जन बच्चे उल्टी और बुखार से पीड़ित हैं। कुछ बच्चों को उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया वहीं कुछ बीमार बच्चे निजी डाक्टरों से दवाई लेकर अपने घरों में स्वस्थ होने का इंतजार कर रहे हैं। 4 बच्चों की हालत गंभीर बताई गई है। क्षेत्रवासियों, जन प्रतिनिधियों व यूनियनों ने पीलिया की वजह नलों में गंदा पानी की आपूर्ति होना बताया है। बीमारी कि शिकायत मिलने पर वार्ड पार्षद व स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितो की जांच व पानी का सैंपल लिया। पार्षद लक्ष्मीपति राजू और क्षेत्रवासियों ने बीएसपी और एचएससीएल तत्काल जर्जर पाइप लाइनें बदलकर स्थाई रुप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति और क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर सफाई कराने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर गंभीर परिणाम की चेतावनी दी है।

सेक्टर 7 पुराने मेंटेनेंस आफिस के निकटस्थ क्वार्टरों के आसपास भारी गंदगी और गंदे पेयजल की समस्या अब फिर गंभीर रुप ले रही है। यहां महीनेभर से घरों के नलों में गंदा पानी आने से पीलिया की बीमारी फैल रही है। पंद्रह से बीस बच्चे उल्टी, दस्त और फीवर से पीड़ित हैं। प्रभावित क्षेत्रवासियों ने बताया कि नाले के सीवरेज के पानी के अंदर से गुजरने वाली पीने के पानी की दो मेन लाइन जर्जर हो चुकी है और सीवेज का पानी पेयजल के साथ नलों में आ रहा है जिसे पीने मजबूर होने से हर तीसरे घर में बच्चे पीलिया से बीमार हैं। सड़क 37 - ए, सड़क -37 बी और सी और नाले के पास की आधा दर्जन क्रास स्ट्रीट के क्वार्टरों लोग उल्टी, दस्ती और जुकाम से पीड़ित हैं। सड़क 37 - 18 बी निवासी 10 वर्षीय वंश प्रसाद, विवेक व सड़क 37 बी निवासी टी महेश सहित 4 बच्चों को शंकराचार्य अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें वंश सहित दो बच्चे आईसीयू में भर्ती हैं। पीड़ित वंश की मां श्रीमती प्रसाद ने बताया कि नले में गंदा पानी आते रहा है। बेटा एक अप्रेल से भर्ती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दस बारह बच्चों को चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल, आरोग्यम और डां. शर्मा क्लीनिक आदि निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है । कुछ चेकएप करवाक घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। सड़क 37- ए निवासी ई सोनित राव(14 वर्ष) क्वार्टर 1- बी निवासी शिवम कश्यम 7 वर्ष और सोना 9 वर्ष और 37-बी निवासी अमन सिंह को को उल्टी बुखार से पीड़ित होने पर आज डिस्चाज किया गया है। करीब 8 पीड़ितों का इलाज प्राइवेट अस्पतालों व डाक्टरों के पास चल रहा है।

### मटमैला पानी पीकर पीलिया के शिकार बच्चे : पार्षद लक्ष्मीपति

सेक्टर 7 में पीलिया की शिकायत मिलने पर पार्षद व स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर घरों में पीड़ितों के पालकों से मिले। उन्होंने बताया कि सेक्टर 7 में



गंदे पानी की कई बार बीएसपी से शिकायत बाद भी परिणाम जीरो होने का परिणाम घर घर पीलिया के रुप में सामने आ रहा है। घरों के नलों में गंदा पानी आ रहा है। भारी गंदगी है। सड़क 37 के मेन रोड के गंदे नाले के अंदर से मेन पाइप लाइन जर्जर हो गई है। इसी लाइन से घरों में पानी की सप्लाई बीएसपी करता है। पेयजल पाइप से सीवेज का मटमैला पानी मिल कर क्वार्टरों में आने से लोग पीने विवश हैं और पीलिया के शिकार हो रहे हैं। 15 से 20 बच्चे पीलिया से पीड़ित हैं। लक्ष्मीपति ने कहा कि बीएसपी से तत्काल जर्जर पाइप लाइन बदलने के साथ जमीनी स्तर पर सफाई मुहिम चलाए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। गुस्साए क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 7 ही नहीं पूरे टाउनशिप की पेयजल व सीवेज पाइप लाइन साठ साल पुरानी होने से जर्जर है,जिसमें सेक्टर 7 व 6 की हालत घर घर गंदे पानी की लाइलाज समस्या जैसी है। लगातार शिकायत के बाद भी बीएसपी प्रबंधन ध्यान नहीं दो रहा है।

### इन बच्चों का अस्पतालों व घरों में चल रहा उपचार

37 ए के दर्जनभर बच्चों का अभी भी अस्पताल व घरों में उपचार चल रहा है। पीड़ितों में महक,विवेक, वंश निजी अस्पताल व आनंद,दीपक, सत्यम, अमन, आयुष व सोनित आदि बच्चे डिस्चार्ज होकर घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### गंदे पानी से कई बीमार



सड़क 37 - ए की अनीता ने बताया कि हमारे रुक रुक गंदा व बदबूदार पानी नल में आता है,जिसे पानी मजबूर होकर बच्चे उल्टी दस्त से बीमार हो रहे हैं। एक बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पार्षद के साथ विभागीय लोगों से भी शिकायत पर कुछ नहीं हो रहा है। आसपास के सभी क्वार्टरों में गंदा पानी आ रहा है। नई पाइप लाइन बिछाई जाए।

### पानी में कीड़े भी : जगेंदर



सड़क 37 ए व बी के शिवम जे कश्यप व ई कृष्णा ने बताया कि नलों का पानी बदबूदार होने के साथ कीड़े भी निकल रहे हैं. ऐसे पानी को पीने पूरे क्षेत्र के लोग विवश हैं। इस पूरे क्षेत्र में भारी कचरा है व गटर का पानी पेयजल लाइन में मिलता रहता है। सफाई व रिपेयर नहीं हो रहा है। रहवासी जगेंदर सिंह ने बताया कि नाले के गंदे पानी में पेयजल लाइन डूबी रहती है।

### सीवेज से बढ़ रही परेशानी



सड़क 37 के रमेश ने बताया कि गंदे पानी की समस्या पिछले 4,5 साल पहले शुरु हुई थी। कुछ दिन के गैप में नल में मटमैला पानी आता रहता है। बीएसपी के साफ पानी नहीं देने पर हमें इसे ही पीना पड़ रहा है और घर घर बच्चे पीलिया की चपेट में आ रहे हैं। प्रबंधन सोया हुआ है। सुनीता राव ने बताया कि जल्द गंदे पानी की समस्या स्थाई रुप से निदान की जाए।

### स्वास्थ्य अमला पहुंचा घर-घर

पीलिया के प्रकोप पर एकाएक प्रशासन जागा और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर 7 प्रभावित वार्ड का दौरा कर पीड़ितों की जांच की। डीएचओ डां. दानी के निर्देशन में सुपेला अस्पताल के प्रभारी डां, पीयाम सिंह व जिला एपिडेमियोलांजिस्ट रितिकासोनवानी, सुपरवाइजर विजय सेजुले, बीटीओ हितेंद्र कोसरे व स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों ने 37 ए सेक्टर का भ्रमण कर नगर निगम की टीम द्वारा 95 घरों में पहुंच कर 4 पीलिया मरीजों का हाल जाना।

### पानी के लिए नमूने : बीएसपी जनसंपर्क विभाग

सेक्टर 7 के स्ट्रीट 37 के विभिन्न स्थानों /घरों से जल के नमूने एकत्रित किए गए हैं। इसकी रिपोर्ट मिलने आने पर फौरी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही प्रदूषण का संभावना को रोकने के लिए पाइप लाइन नेटवर्क का व्यापक सर्वेक्षण कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की गई है। लोगों से पानी उबालकर पीने की अपील की गई है।

## मंगल बाजार में सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ नेवई पुलिस ने की कार्रवाई, नकदी सहित सट्टा पट्टी जब्त

नेवई थाना पुलिस ने मंगल बाजार टंकी मरोदा इलाके में सट्टा संचालित करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुलेआम रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिख रहा है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनोज सोनी उर्फ गोलू (34 वर्ष), निवासी तेलगू मोहल्ला, टंकी मरोदा नेवई के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पट्टी, एक पर्ची, 800 नगद और एक पेन बरामद किया गया। न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## धारदार हथियार लहराकर आतंक फैलाने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को छावनी पुलिस को सूचना मिली थी कि पावर हाउस स्थित सुलभ के पास एक युवक धारदार हथियार लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान पवन महानंद, उम्र 24 वर्ष, निवासी कैम्प-2 जलेबी चौक, कमला पब्लिक स्कूल के पीछे भिलाई के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।




## टेंडर प्रक्रिया में बनी विसंगतियों पर जताई चिंता एमएसएमई ने उद्योग संघ ने की सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



एमएसएमई जिला उद्योग संघ का प्रतिनिधिमंडल भिलाई स्टील प्लांट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सामग्री प्रबंधन एएम चक्रवर्ती से मुलाकात कर विभिन्न औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा की। संघ ने हाल ही में टेंडर लिमिट को 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किए जाने के निर्णय पर प्लांट प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे स्थानीय एंसीलरी इकाइयों के लिए बड़ा कदम बताया।

संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह खुराना के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि टेंडर लिमिट बढ़ाना स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में कुछ कमियां अब भी बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व सप्लायर द्वारा कम मात्रा में की गई सप्लाई को भी वर्तमान टेंडर में जोड़ दिया जाता है, जिससे स्थानीय इकाइयों को बराबरी का अवसर नहीं मिल पाता। परिणामस्वरूप कार्य बाहरी कंपनियों को आवंटित हो जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने इसे एमएसएमई के हितों के प्रतिकूल बताते हुए सुधार की मांग रखी। बैठक के दौरान एमएसएमई संघ की ओर से महासचिव अंकित मेहता, उपाध्यक्ष विकास प्रसाद शुक्ला, मयूर कुकरेजा, निश्चय झा, देशराज यादव, अनिल शुक्ला, आरके सिंह, अंशुल जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। वहीं प्लांट की ओर से एएम अयान मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संघ के अध्यक्ष केके झा ने विश्वास जताया कि उठाए गए सभी मुद्दो का लाभ मिलेगा।

### रॉ मैटेरियल और केमिकल एनालिसिस से जुड़े मुद्दे भी उठाए

प्रतिनिधियों ने बताया कि 0.35 से कम कार्बन वाले मैटेरियल में अतिरिक्त शर्तें जोड़ने से सप्लाई प्रभावित होती है और कई बार सामग्री रिजेक्ट तक कर दी जाती है। साथ ही उन्होंने स्टोर इंस्पेक्शन में स्टैंडर्ड इंस्पेक्शन प्रोसीजर लागू करने, अनावश्यक रूप से सामग्री को उच्च निरीक्षण श्रेणी में भेजने की प्रक्रिया पर नियंत्रण करने की आवश्यकता बताई। प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कार्य आवंटन में गिरावट देखी गई है। इसलिए अधिक इंक्वायरी और टेंडर जारी किए जाएं। स्थानीय इकाइयों की क्षमता के आधार पर कार्य आवंटित किए जाएँ, ताकि क्षेत्र की एमएसएमई व सहायक उद्योग के इकाइयों को प्रोत्साहन मिले। एएम चक्रवर्ती ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि रॉ मैटेरियल व केमिकल एनालिसिस से जुड़े मुद्दों पर संबंधित विभाग के साथ अलग बैठक होगी और सभी सुझावों पर सकारात्मक विचार करते हुए समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।




### जलक्रीड़ा करते परिंदों के साथ ले रहे सेल्फी

## मैत्रीबाग में आकर्षण का केंद्र बने विलुप्तप्राय ग्रे पेलिकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अंडे से चूजे नहीं निकल पाने से सिमट रहा कुनबा



मैत्रीबाग जू में विलुप्तप्राय और खूबसूरत पेलिकान बर्ड पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। चिड़ियाघर में दो प्रजाति के पेलिकान बर्ड है। भीषण गर्मी में अपने कैज के पानी के पोखर में जलक्रीड़ा करते इन परिंदों को सैलानी अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग में ग्रे पेलिकान प्रजाति के 9 और स्माल पेलिकन नस्ल के 7 बर्ड हैं। दोनों के कैज आजू-बाजू हैं। गोवा, असम आदि में जलीय वनक्षेत्रों में रहने वाले ग्रे पेलिकान बर्ड दुर्लभ हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक पर्यावरण पर संकट और जलवायु परिवर्तन तथा सिमटते वनों से इस प्रजाति के अब विलुप्त होते जा रहे हैं। ग्रे पेलिकान का मछली और झींगुर खाते हैं और पानी में ही रहते हैं। 4 फीट लंबे पेलिकान हल्के गुलाबी पंखों को फैलाकर जब अपने पोखर में एक के पीछे एक उछलते हुए तैरते हैं तो सैलानियों के लिए यह मोबाइल के दुर्लभ पोज होते हैं। पूर्व में मैत्रीबाग में 12 ग्रे पेलिकान थे। इनके अंडो से चूजे निकलने की विकट चुनौती के चलते कुनबा नहीं बढ़ रहा है। वहीं स्माल पेलिकान की संख्या 7 है। यह मटमैले रंग और कद में तीन फीट के हैं।

### पौधे रोपकर मनाया स्थापना दिवस



**दुर्ग।** एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग स्थित शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्नाकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में एनएसयूआई के सदस्यों द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे तथा वृक्षारोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग, छात्र नेता युवा तिरुपति चंद्राकर, चैतन्य बंछोर, पीयूष सिन्हा, मृदुल सिंह, तेजेंद्र साहू, मयंक देशमुख, सार्थक गजभिए आदि उपस्थित थे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



समर में अपने स्टाइल से बिखरें...


लाइव इवेंट

## स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों ने ली शपथ टीकाकरण के लिए किया जागरूक



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों ने शपथ ली। बीईटीओ सैय्यद असलम ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान नई नई खोजों के माध्यम से नवीन तकनीक,नई दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है। मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके अध्ययन अनुभव और मरीजों के फीडबैक से भारत सरकार को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि नवीन दवाओं उनके शोध मे हम विश्व स्तर अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ रवि शंकर सत्यार्थी ने कहा कि बीमारियों की रोकथाम बचाव व उपचार और निदान को हर स्तर पर सेवाओं के माध्यम से मजबूत करना है। सैय्यद असलम ने मरीजों व परिजनों को बताया कि भारत सरकार एच पी व्ही वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध करा रही है जो गर्भाशय कैंसर से बचाव का महत्वपूर्ण अभियान है। सभी 14 साल पूर्ण कर चुकी बेटियों को यह टीका अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना मिश्रा, एलएचवी आर विश्वास, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, स्टाफ नर्स गुलशन खलको, रोशन बर्मन, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर, स्मिता बागड़े, आलिया खातून, समीर रात्रे, निवेश प्रधान, चम्पाकली सोनी, मीरा साहू, सरस्वती ठाकुर, सुनीति वर्मा और प्रीतिका सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## छग केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के चुनाव में पांचवीं बार अविनाश बने महासचिव



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन का चुनाव दुर्ग के अग्रसेन भवन टोल प्लाजा में संपन्न हुआ। जिसमें दुर्ग के वरिष्ठ दवा व्यवसायी अविनाश अग्रवाल लगातार पांचवीं बार महासचिव पद पर निर्वाचित हुए है। जिसमें अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा बिलासपुर चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर राजेश साहू धमतरी, कोषाध्यक्ष पवन पालीवाल जांजगीर, सचिव अजय अग्रवाल रायगढ़, संगठन सचिव सुरेश शर्मा मुंगेली, जनसंपर्क अधिकारी अरुण मिश्रा गरियाबंद चुने गए। लगातार पांचवी बार महासचिव बने अविनाश अग्रवाल ने अपने पूर्व कार्यकालों में दवा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, शासन-प्रशासन के समक्ष उनकी आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था जिसके चलते उन्हें पूरे प्रदेश के दवा व्यवसाययों ने महासचिव चुना है। इस महत्वपूर्ण चुनाव के आयोजन में दुर्ग जिला इकाई की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विशेष रूप से दुर्ग जिला के सचिव दीपक बंसल और चुनाव अधिकारी सुधीर अग्रवाल ने भी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को अत्यंत निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराया।

लाइव इवेंट

## ओर हैंडलिंग प्लांट एवं सिंटर प्लांट 3 के बीच वॉलीबॉल मैच



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) एवं सिंटर प्लांट्स–3 के कर्मचारियों एवं ठेका कर्मियों के मध्य वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ठेका कर्मियों को कार्यस्थल पर संभावित खतरों एवं जोखिमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक सुरक्षा लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। विभागाध्यक्ष राहुल बिजुरकर, महाप्रबंधक मनीष सिंह, महाप्रबंधक संजय शर्मा, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी के. सुपर्णा विवेक श्रीवास्तव तथा प्रशांत जैन आदि।

### साहू समाज व्यापारी प्रकोष्ठ का विस्तार, नई कार्यकारिणी गठित

**भिलाई।** जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू की सहमति से साहू समाज व्यापारी प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। प्रकोष्ठ के संयोजक धनंजय लल्लन साहू ने विस्तार करते हुए संगठन को व्यापक स्वरूप दिया गया है, जिसमें छोटे और बड़े सभी वर्गों के व्यापारियों को शामिल किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में विपुल साहू, लवकेश साहू, विनीश साहू और चूरामन साहू को सह-संयोजक बनाया गया है, जबकि रघुवीर साहू को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। हरीश साहू को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है, वहीं अतुल साहू व काशी साहू सह मीडिया प्रभारी होंगे।

परीक्षा तनाव प्रबंधनः विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

# परीक्षा तनाव से जंग, विद्यार्थियों को मिला सक्सेस मंत्र सकारात्मकता के साथ सीखी संतुलित जीवन की कला

प्रतिदिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा और परीक्षा के दबाव के बीच विद्यार्थियों को राहत की राह दिखाने की एक सार्थक पहल की गई। दुर्ग के शैक्षणिक संस्थान में आयोजित कार्यशाला ने युवाओं को तनाव से निपटने के व्यावहारिक मंत्र दिए, जो आज के दौर में बेहद जरूरी बन चुके हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में जहां परीक्षाएं केवल अंक नहीं बल्कि भविष्य तय करने का पैमाना बन चुकी हैं, वहीं छात्रों में बढ़ता मानसिक दबाव एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। ऐसे समय में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग की पहल ने विद्यार्थियों को न केवल राहत दी, बल्कि उन्हें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखाया।





**भिलाई।** महाविद्यालय में आयोजित परीक्षा का तनाव एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में करीब 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान विभाग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से निपटने के वैज्ञानिक और व्यावहारिक तरीके बताए गए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के मानसिक तनाव से गुजर रहा है, इसलिए समय रहते उसका समुचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।



### अनुशासित जीवनशैली से मिलती है सफलता

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल कठिन परिश्रम से नहीं, बल्कि सही सोच और अनुशासित जीवनशैली से मिलती है। उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण को सफलता की असली कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के लिए तनाव से संतुलन की ओर बढ़ने की प्रेरणादायक पहल साबित हुई। जहां सफलता का मंत्र सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली भी बताया जा रहा है।

### परीक्षा तनाव को स्वाभाविक, निपटने दिये सुझाव

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. एस. डी. देशमुख ने ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने के सरल उपाय बताए। वहीं मनोवैज्ञानिक डॉ. तृप्ति अनुरागी ने परीक्षा तनाव को स्वाभाविक बताते हुए इसके कारणों और लक्षणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि सही समय प्रबंधन, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, योग, ध्यान, परामर्श और सकारात्मक सोच से तनाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। यह संवादात्मक सत्र छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ।

कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने कहा कि यह कार्यशाला सभी के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक सिद्ध हुई, जिससे उन्हें परीक्षा के दौरान तनाव को नियंत्रित कर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

समापन अवसर पर डॉ. अनुपमा कश्यप ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने और निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा सहस्त्रबुद्धे ने किया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, सहायक प्राध्यापक मोतीराम साहू, डॉ. नीरा सिंह, पुष्पलता निर्मलकर सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक सहित लगभग दो सौ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शांति दूतों के जीवन और योगदान को समझ रहे युवा

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में शांति सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान होने वाले गतिविधियों में बीएड के विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। श्रीश्री रविशंकर, मलाला यूसुफजई, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, महात्मा गांधी, दलाई लामा, कैलाश सत्यार्थी और नेल्सन मंडेला जैसे प्रसिद्ध शांति दूतों के जीवन और योगदान पर प्रस्तुतियां दी गई।

उद्घाटन समारोह में प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस, प्राचार्या डॉ. शाइनी मेंडोंस, अकादमिक डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी, शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति संतोष और पीस क्लब की संयोजक डॉ. रीमा देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।7 अप्रैल को मुख्य सत्र मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर और अमेरिका के रोड आइलैंड विश्वविद्यालय से शांति एवं अहिंसा में प्रमाणित प्रशिक्षक डॉ. निम्मी वर्गीस ने प्रस्तुतिकरण दिया। मार्टिन लूथर किंग जूनियर पर आधारित उनका सत्र एक



चिंतनशील ध्यान गतिविधि के साथ शुरू हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को नकारात्मक विचारों से सकारात्मक विचारों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया और भावनात्मक नियंत्रण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। डॉ. वर्गीस ने इस बात पर ज़ोर दिया कि शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह न्याय और कल्याण की एक अवस्था है। उन्होंने नकारात्मक और सकारात्मक शांति की अवधारणाओं को समझाया। अहिंसा को परिवर्तन लाने वाली एक सक्रिय शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया। मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों को शांति दूतों के रूप में अपनी यात्रा में आगे बढ़ते रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## अग्रवाल समाज के लोकार्पण कार्यक्रम में 11 को सुंदरकांड का पाठ का आयोजन



**दुर्ग।** टोल नाका बायपास के पास महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एक भव्य एवं आधुनिक धर्मशाला का निर्माण किया गया है। इस भवन में वातानुकूलित सभागृह, सुसज्जित कमरे, दो लिफ्ट तथा लान व पार्किंग की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसका लोकार्पण 11 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर पं. कान्हा महाराज द्वारा सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन में अग्रवाल समाज दुर्ग, भिलाई एवं खुर्सीपार के समस्त अग्रजन तथा महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट दुर्ग के सभी ट्रस्टीगण शामिल होंगे। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि इस निर्माण कार्य में समाज के अनेक दानदाताओं का महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्राप्त हुआ है, जो समाज की एकता एवं सेवा भावना को दर्शाता है। लोकार्पण के पश्चात यह धर्मशाला समाज सर्व समाज को समर्पित किया जाएगा।

दो दिवसीय कार्यशाला में जुटे दुर्ग और बलोद जिलों के शिक्षक

कार्नर न्यूज

## ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण प्रक्रिया में होंगे दक्ष आधुनिक शिक्षण शास्त्र की बारीकियों पर डाला प्रकाश

**भिलाई।** शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और मूल्यांकन पद्धति को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की ओर से ब्लू प्रिंट पर आधारित प्रश्न निर्माण प्रशिक्षण दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सेठ रतन चंद सुराना कॉलेज दुर्ग में आयोजित किया गया। जिले के शैक्षणिक स्तर में सकारात्मक बदलाव और आगामी परीक्षाओं में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के लिए आयोजित सेमिनार में दुर्ग जिले से 59 बीआरजी शामिल हुए। जिसमें आधुनिक शिक्षण शास्त्र की बारीकियों पर प्रकाश डाला गया। छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी संचालक और डाइट प्राचार्य पी सी मरकले के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण के द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर के व्याख्याताओं को ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण प्रक्रिया में दक्ष बनाने के लिए किया गया था।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी सत्येन्द्र शर्मा ने बताया कि बालोद व दुर्ग जिले के सभी संकाय विज्ञान समूह के अंतर्गत गणित, जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन विज्ञान, कला समूह के अंतर्गत राजनीति शास्त्र इतिहास भूगोल अर्थशास्त्र , वाणिज्य संकाय के अंतर्गत लेखाशास्त्र एवं व्यवसाय और भाषा



समूह के अंतर्गत अंग्रेजी संस्कृत, हिंदी, कृषि संकाय और पशुपालन आदि विषयों के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन बीआरजी का उन्मुखीकरण राज्य स्तर एवं जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया।

### दुर्ग और बालोद के 199 शिक्षक हुए शामिल

इस कार्यक्रम में बालोद जिला से 140 बीआरजी और दुर्ग जिला 59 बीआरजी को आमंत्रित किया गया था। सभी विषयों के एसआरजी, डीआरजी एचएस भुवाल, कोमल देशमुख, राजकुमार गेंद्रे, रत्ना साहू, डॉ पूनम बिचपुरिया, डॉ अनुपमा मौर्य, विवेक ध्रुव, विभा रानी मधु, मृणालिनी पात्रेकर और डी आर साहू ने 6 डोमेन पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में डाइट दुर्ग से वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ शिशिरकना भट्टाचार्य, डॉ नीलम दुबे, डॉ वंदना सिंह के साथ व्याख्याता अनुजा मुरेकर ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और आधुनिक शिक्षण शास्त्र की बारीकियों पर प्रकाश डाला। इसी तरह वाणिज्य समूह के लिए जिला स्रोत समूह डीआरजी के रूप में विवेक धुर्वे और निभा रानी मधु ने अपनी सेवाएं दी।

### शैक्षणिक स्तर में आयेगा सकारात्मक बदलाव

नोडल अधिकारी सत्येन्द्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की निरंतर व्यस्तता के कारण यह प्रशिक्षण पूर्व में आयोजित नहीं किया जा सका था, जिसे अब शासन के निर्देशों के पालन में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया गया। डाइट प्राचार्य ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के शैक्षणिक स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा और आगामी परीक्षाओं में छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।



**सिटी इवेंट**

## स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**भिलाई।** रूंगटा पब्लिक स्कूल का 13वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों को दिखाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। 12वीं के छात्र अथर्व सहगल के प्रेरक अंग्रेज़ी भाषण देकर सभी को गौर्वान्वित किया। कक्षा 5वीं की छात्रा गौसिया फातिमा की भावपूर्ण हिंदी कविता प्रस्तुत की। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा, निदेशक प्रशासन डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी और विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विद्यालय की पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

- रूंगटा पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 13वां स्थापना दिवस

**इवेंट लाइव**

## मुरकू और पापड़ बेचकर मोहलाई की महिला बनी आत्मनिर्भर



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष की छात्रा नारायणी देवांगन ने ग्रामीण पत्रकारिता और कौशल व्यवहार विषय के अंतर्गत मोहलाई में दुर्गा अग्रवाल से मुलाकात की। उनके संघर्ष से सफलता तक के सफर को जानने का प्रयास किया। दुर्गा अग्रवाल ने बताया कि कैसे उन्होंने कम लागत में घर से ही फूड प्रोसेसिंग यूनिट की शुरुआत की और धीरे-धीरे अपने घर में तैयार किए उत्पादों को स्थानीय बाजार तक पहुंचाया। उन्होंने अपने घर में ही नड्डा, मुरकू और पापड़ बनाने व उनकी पैकेजिंग का काम शुरू किया है। शुरुआत में यह कार्य छोटे स्तर पर किया, लेकिन धीरे-धीरे उनके उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद के कारण स्थानीय बाजार में अच्छी मांग बढ़ने लगी लोगों के द्वारा पसंद किया जाने लगा। उन्होंने अपने इस व्यवसाय से न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी इस कार्य से जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए। आज उनके इस उद्योग से कई महिलाएं जुड़कर अपने कार्य से अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। दुर्गा अग्रवाल का कहना है कि अगर महिलाएं ठान लें, तो घर बैठे भी उद्योग शुरू कर सकती हैं और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं।

**समाज इवेंट**

## अनुरूप साहू को सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण सम्मान



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में श्री सदगुरु कबीर साहेब समिति गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग के उपाध्यक्ष अनुरूप साहू को सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण 2026 से सम्मानित किया गया। इस पर समिति के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर अनुरूप साहू को बधाई दी गई। इस अवसर पर समिति के प्रमुख सलाहकार रमेश साहू और अध्यक्ष लेखराम साहू ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले अनुरूप साहू को सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण से सम्मानित किए जाने से पूरा समाज गौरवान्वित है। इस दौरान रामाधार साहू, नामदास साहू, केआर कुल्हारा, संतोष गोंड, प्रीतम साहू, संतकुमार साहू, समलूराम साहू, भक्तु साहू आदि मौजूद थे।

## होम्योपैथी चिकित्सा में विशेष योगदान के लिए डॉ. राजर्षि लंदन में आज होंगे सम्मानित



**भिलाई।** होम्योपैथी चिकित्सक डॉ राजर्षि मिश्रा को होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए आज ब्रिटिश पार्लियामेंट में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 13 अप्रैल को डॉ राजर्षि मिश्रा को उनके विशिष्ट योगदान के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा भी सम्मानित किया जाएगा। डॉ राजर्षि मिश्रा इसके पूर्व भी दुबई के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी सम्मानित किए जा चुके हैं । डॉ राजर्षि मिश्र ने अपने होम्योपैथिक चिकित्सा के अनुभव से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के कई मरीज़ो के असाध्य रोगों को ठीक किया है जिसके लिए आज उन्हें देश विदेश में ख्याति प्राप्त होने के साथ-साथ सम्मानित किया जा रहा है । डॉ राजर्षि मिश्रा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर भिलाई नगर सहित समस्त छत्तीसगढ़ के नागरिक गौरवान्वित हुए हैं।

● सेक्टर-6 त्रिवेणी जैन तीर्थ भवन में अदूरमाती माता और शेलमति माता ने दिया प्रवचन

# नवकार दिवस पर जैन समाज का सामूहिक जाप, अहिंसा और शांति का दिया संदेश

**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित त्रिवेणी जैन तीर्थ जैन भवन में गुरुवार को विश्व नवकार दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों जैन श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति, अहिंसा और सद्भावना का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र के समक्ष मंगलदीप प्रज्वलित कर की गई। यह आयोजन पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज की शिष्य पूज्य 105 अदूरमाती माताजी एवं पूज्य 105 शेलमति माताजी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से महामंत्र का जाप किया।इस अवसर पर सुबह 7.45 से सवा 9 बजे तक 48 मिनट के सामूहिक नवकार मंत्र जाप में जैन ट्रस्ट, जैन मिलन, जैन महिला क्लब तथा विभिन्न जैन मंदिरों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जीतो संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।जैन ट्रस्ट के प्रमुख दानमल पोरवाल ने णमोकार महामंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि इसके नियमित जाप से मन में शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट मंत्र जाप करने की अपील की।



### णमोकार महामंत्र के नियमित जाप से संस्कारों का विकास

पूज्य माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि णमोकार महामंत्र जीवन को आत्मसात करने का माध्यम है और परिवार सहित इसके नियमित जाप से संस्कारों का विकास होता है। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो के संदेश को वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी णमोकार मंत्र की महिमा के उल्लेख का संदर्भ देते हुए कहा कि यह मंत्र आत्मिक शांति, शक्ति और सद्भावना का प्रतीक है। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सामूहिक मंत्र जाप के माध्यम से विश्व को शांति और संयम का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जैन ट्रस्ट के प्रमुख दानमल पोरवाल, मूलचंद जैन, मुकेश जैन, गौतम चंद जैन, निर्मल कोचर, ज्ञानचंद जैन, जिनेंद्र जैन, डॉ आशीष जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, संजीव, रवि कासलीवाल, भागचंद जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल सहित जैन महिला क्लब के प्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में मंगलाचरण किरण जैन, नीना जैन ने किया।

### जैन संत डॉ. मणिभद्र मुनि पदविहार कर चातुर्मास के लिए पहुंच रहे दुर्ग



**दुर्ग।** नेपाल से उग्र विहार कर बनारस के रास्ते होते जबलपुर में विराजमान जैन संत डॉ. मणिभद्र मुनि अपने साधु-साध्वी समुदाय के साथ चातुर्मास के लिए दुर्ग पधार रहे हैं। जैन संत की आगवानी करने श्रमण संघ परिवार का युवा संगठन छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ का तीस सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल डॉ. मणिभद्र मुनि, पुनित मुनि, सुद्धेश मुनि, प्रवचन प्रभाविका लक्ष्मी महाराज, साध्वी वैशाली, डॉ. सृजना महाराज के दर्शन वंदन का लाभ लिया। साधु एवं साध्वी समुदाय चतुर्विद संघ के साथ चातुर्मास करने दुर्ग आने की सहमति भी दी। गुरुदेव मणिभद्र मुनि का जन्मोत्सव जबलपुर जैन संघ की ओर से छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ परिवार के साथ एकासना दिवस के साथ मनाया गया। 130 सदस्यों ने जैन दादाबाड़ी में एकासना तप की आराधना की। आध्यात्मिक एवं गरिमामय वातावरण में राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि का जन्मोत्सव मनाया। राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि ने आयोजित धर्म सभा में अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा हमने दुर्ग संध का नाम पहले भी खुब सुन रखा है। गुरु भगवंत के श्रीमुख से तथा अन्य गुरु भाईयों के मध्य भी दुर्ग संघ हमेशा चर्चा में सदैव बना रहता है। महा साध्वी लक्ष्मी ने जबलपुर जैन दादाबाड़ी में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा संत मणि भद्र मुनि लगभग 54000 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अनेक भव्य चातुर्मास आपके सानिध्य में संपन्न हुए हैं। यह परम सौभाग्य है कि हमें भी गुरुदेव भगवंत की छत्र छाया में चातुर्मास करने का एक सुखद अवसर प्राप्त हुआ है। हम अधिक से अधिक लोगों को धर्म से जोड़ने का प्रयास करते हुए इस चातुर्मास को स्वर्णिम चातुर्मास बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ युवा श्रमण संघ के बैनरतले टीकम छाजेड़, राकेश संचेती, अनिल कुचेरिया, अशोक रतन बोहरा, प्रकाश कांकरिया, योगेश पारख, विक्रम पारख सहित अन्य मौजूद थे।

**आयोजन**

## प्राकृतिक तरीकों से स्वस्थ रहने और नर्स की भूमिका पर दी नाट्य प्रस्तुति





**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट बीएसपी जेएलएनएचआरसी सेक्टर 9 मेन हॉस्पिटल द्वारा संचालित पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य और उप-प्राचार्य का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जया चक्रवर्ती ने स्वागत भाषण देते हुए स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. रोजा प्रिंसी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम पर आधारित प्रेरणादायक संदेश दिया। वहीं उप-प्राचार्या डॉ. डेज़ी अब्राहम द्वारा इस वर्ष की थीम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस दौरान एमएससी नर्सिंग प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा वन हेल्थ अप्रोच विद साइंस विषय पर शैक्षणिक सत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें प्राकृतिक तरीकों से स्वास्थ्य बनाए रखने तथा नर्स की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका स्कीट प्रस्तुत की गई, जिसमें वन हेल्थ अप्रोच के महत्व को रचनात्मक तरीके से दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त, पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों भाषाओं में किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकला लिल्हारे और आभार प्रदर्शन रिंसी मैरी द्वारा किया गया।

**एचपीवी टीकाकरण अभियान**

## सेक्टर-9 हास्पिटल में एचपीवी टीकाकरण शुरू





**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में 8 अप्रैल को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायर टीकाकरण अभियान का शुरुकिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी व डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार धाबर्डे, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और विभागाध्यक्ष डॉ. संबिता पांडा, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. साहा उपस्थित थे। यह अभियान विशेष रूप से किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान "एचपीवी का टीका, सुरक्षा का संकल्प – सर्वाइकल कैंसर से बेटियों का जीवन बचाने का नया विकल्प" संदेश को प्रमुखता से प्रसारित किया गया तथा समयबद्ध टीकाकरण वयू- विन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पंजीकरण के महत्व पर बल दिया गया। पात्र बालिकाओं में अधिकतम टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने के साथ सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति व्यापक जागरूकता बढ़ाने किया गया।

**इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा ऑफ ट्रांजिशन मेटल कौम्पलेक्स विषय पर अतिथि व्याख्यान**

# संक्रमण धातु यौगिकों के दृश्य और पराबैंगनी प्रकाश के अवशोषण की दी जानकारी, व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव का मिला लाभ

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा ऑफ ट्रांजिशन मेटल काम्पलेक्स विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में डॉ. संतोष सिंह ठाकुर सह-प्राध्यापक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रहे। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा ऑफ ट्रांजिशन मेटल कॉम्प्लेक्स यानी संक्रमण धातु यौगिकों द्वारा दृश्य या पराबैंगनी प्रकाश के अवशोषण के विषय में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रजनी मुदलियार ने कहा कि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान में विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के अनुभवी प्राध्यापको को विषय विशेषज्ञता के आधार पर बुलाया जाता है जिससे विषय विशेष में उनके व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव का लाभ विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को मिल सके।



### पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा दी जानकारी

विषय वक्ता के रूप में डॉ. संतोष सिंह ठाकुर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा ऑफ ट्रांजिशन मेटल कॉम्पलेक्स विषय पर व्याख्यान दिया तथा अपने व्याख्यान में उन्होंने ट्रांजिशन मेटल कॉम्पलेक्स के गुणो के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा स्पेक्ट्रा के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने अब्जॉर्प्शन तथा ईमिशन स्पेक्ट्रा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने तनाबे -सुगानो डायग्राम को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया। इसी क्रम में डॉ. संतोष सिंह ठाकुर को इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा ऑफ ट्रांजिशन मेटल काम्पलेक्स विषय में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। निदेशक डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने का अच्छा माध्यम है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने रसायन शास्त्र विभाग के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रुचि व पढ़ाई के प्रति उनकी लगन को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर कराए जाने चाहिए। महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. अज़रा हुसैन ने विद्यार्थियों को व्याख्यान में सम्मिलित होने की सलाह दी।

### विद्यार्थियों को रिसर्च करने दी सलाह

एमएससी चौथे सेमेस्टर के छात्र पीयूष चतुर्वेदी ने प्रश्न किया कि किसी कंपाउंड का इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा किस प्रकार प्राप्त किया जाता है? जिसका उत्तर देते हुए डॉ ठाकुर ने कहा कि यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी के माध्यम से हम किसी भी अणु का इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नेट सेट तथा गेट आदि कॉम्पिटेटिव एक्जाम की तैयारी करने तथा संघ लोक सेवा आयोग और साइंटिफिक ऑफिसर जैसे पदों पर भर्ती के लिए की जाने वाली तैयारियों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने रिसर्च के क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम संचालन रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक मोनिका मेश्राम और सहायक प्राध्यापक मोहिनी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इस्पात नगरी में राष्ट्रीय स्तर का दंगल आज से



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। शुक्रवार 10 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक 'भिलाई निवास' स्थित साइकिल पोलो ग्राउंड में देश के लगभग सभी राज्यों से 1500 पहलवान प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। एयर कंडीशन अस्थाई निर्मित डोम शेड में पहले दिन सुबह 8.30 बजे से अंडर 20 प्रतियोगिता का शुभारंभ दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे, जहां कान्हा जी महाराज के श्री कंठ से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा 1

आयोजन में हिस्सा लेने ओलम्पिक संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह एवं वर्तमान औलम्पिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह, देवरिया उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद रमापति त्रिपाठी, कॉमनवेल्थ में गोल्ड मैडल विजेता नरसिंह यादव एवं श्रीमती शिल्पी यादव सिल्वर मैडलिस्ट कॉमनवेल्थ गेम जैसे दिग्गज इस आयोजन की शोभा बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पहुंच चुके हैं।

भिलाई के ख्याति प्राप्त पहलवान छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह यादव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव,वरिष्ठ राष्ट्रीय पहलवान वीरेंद्र यादव, महामंत्री प्रशांत राय, देवेंद्र यादव, भगवान पहलवान, बी पी सिंह,कोच अवधेश पहलवान, श्रवण यादव एवं अश्विनी कुमार पाण्डेय ,लीलेश देशमुख, प्रमोद सिंह, राघवेंद्र सिंह के अथक प्रयास और दुर्ग सांसद विजय बघेल के खेलप्रेम के कारण यह भव्य आयोजन साकार हो रहा है। यह जानकारी देते हुये निशु पाण्डेय ने बताया कि आयोजन समिति के उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने भिलाई के सभी खेल प्रेमी, कुश्ती प्रेमी को इस इस्पात नगरी में हो रहे इस भव्य आयोजन का साक्षी बनने हेतु आह्वान किया हैं।

### जिला कबड्डी प्रीमियर लीग का रोमांच छाया



**अंडा।** दुर्ग जिले समीप ग्राम कोलिहापुरी दुर्ग में स्वर्गीय भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2026 मै तीन दिवसीय दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 खेल मैदान कोलिहापुरी में किया जा रहा है। इसमें दुर्ग जिले के तनों विकासखंड धमधा, पाटन व दुर्ग ग्रामीण व शहर के सीनियर महिला /पुरुष वर्ग के कबड्डी लीग मैच का शुभारंभ 8 अप्रैल को हुआ। दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग में लगभग 150 खिलाड़ियो के 10 टीमों के मध्य मैच खेला जाना है। जिसमें 36 फोर्ट फाइटर, कबीर वॉरियर्स,मन देव महाबली, फ्लोटिंग विंग, तेजस टाइगर, अभी एवेंजर्स, खुडवा पैंथर्स, जनपद के जांबाज और रिसाली टाइगर के बीच लीग मैच हुआ। पहला मैच मनदेव के महाबली 26 और खुड़वा पैंथर्स 29 अंक से विजयी हुए। दूसरे मैच में रिसाली टाइगर को 31 अंक व फ्लोटिंग विंग को 33 अंक मिले और फ्लोटिंग विंग 2 अंक से विजयी रहा। उसी प्रकार महिला वर्ग मैं कबीर वारियर्स व जनपद जांबाज से मैच हुआ। जिसमे कबीर वारियर्स 18 और जनपद जांबाज को 16 अंक मिले और 2 अक से कबीर वारियर्स की जीत हुई। कार्यक्रम के अतिथि गण , केशव बंटी हरमुख अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ, आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, ईश्वर प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहापुरी व पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख, अशोक रिगरी ,हैमंत देशमुख, सुनील देशमुख, ओम ओझा ,रौफिया कुरैशी सोशल मीडिया उप सरपंच समस्त पंचगण व सभी टीमों के संचालक उपस्थित रहेंगे इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष नवीन देशमुख व सचिन पीलू पारकर दी।

### महक का चयन एलिट कैम्प के लिए



**रायपुर।** नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर-19 (महिला) एलिट कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर-19 (महिला वर्ग) एलिट कैंप 2026 हेतु यह चयन किया गया है। यह कैंप 27 अप्रैल से 23 मई तक बैंगलुरु में आयोजित है। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विशेषज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी सम्मिलित है।

कई बार बड़ी मुसीबतों का कारण भी बन सकती है छोटी सी समस्या कई बार बड़ी मुसीबतों का

# पानी की कमी होना सबसे खतरनाक, कैंसर तक की वजह बन सकता है डिहाइड्रेशन

गर्मियों में डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी होने की समस्या भी काफी बढ़ जाती है। डिहाइड्रेशन को वैसे तो हम सभी काफी हल्के में लेते हैं, पर ये छोटी सी समस्या कई बार बड़ी मुसीबतों का कारण भी बन सकती है। ये कैंसर तक का खतरा बढ़ाने वाली हो सकती है।

देशभर में गर्मियों की शुरुआत हो गई है। तापमान बढ़ने लगा है, साथ ही बढ़ने लगा है कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों का मौसम हमारी सेहत के लिए कई तरह से चुनौतीपूर्ण हो जाता है। तेज धूप-लू के कारण हीट स्ट्रोक और भोजन में अशुद्धि के चलते फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याओं का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस मौसम में अपनी सेहत को लेकर खास सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

गर्मियों में डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी भी काफी बढ़ जाती है। डिहाइड्रेशन को वैसे तो हम सभी काफी हल्के में लेते हैं, पर ये छोटी सी समस्या कई बार बड़ी मुसीबतों का कारण भी बन सकती है।

डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना, सिरदर्द और ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होना आम है। यदि समय पर ध्यान न दिया



जाए तो यही समस्या गंभीर रूप भी ले सकती है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और हार्ट या किडनी के मरीजों में इसका खतरा ज्यादा होता है। क्या आप जानते हैं कि डिहाइड्रेशन की स्थिति आपको कैंसर का भी शिकार बनाने वाली हो सकती है?

## डिहाइड्रेशन और इसके खतरे

डिहाइड्रेशन को आसान भाषा में समझें तो ये शरीर में पानी और जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटैशियम की कमी की समस्या है। हमारा शरीर लगभग 60% पानी से बना होता है और यही पानी खून को बहने, दिमाग के काम करने, शरीर का



तापमान नियंत्रित रखने और किडनी को विषैले तत्व बाहर निकालने में मदद करती है। गर्मियों में कई स्थितियां जैसे पसीना ज्यादा आना, उल्टी-दस्त, बुखार या कम पानी पीने से शरीर में तरल की कमी होने लगती है।

तेज धूप और लू के कारण शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे में शरीर तापमान को कंट्रोल करने के लिए ज्यादा पसीना निकलता है, इससे भी डिहाइड्रेशन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में अगर आप कम पानी पीते हैं और इसके कारण होने वाला डिहाइड्रेशन आपके लिए दिक्कतें बढ़ा सकता है।

मानसिक स्थिति से लेकर किडनी तक की समस्याएं

जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो दिमाग तक खून और ऑक्सीजन की सप्लाई भी प्रभावित होती है। इससे भ्रम, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी और गंभीर स्थिति में बेहोशी तक हो सकती है। अध्ययनों में पाया गया है कि शरीर में पानी की कमी कॉग्निटिव परफॉर्मेंस पर असर डाल सकती है।

मस्तिष्क की समस्याओं के साथ डिहाइड्रेशन के चलते किडनी भी दिक्कतों में पड़ सकती है। किडनी खून से गंदगी छानकर पेशाब के जरिए बाहर निकालती रहती है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी होने पर किडनी पर



दबाव बढ़ता है, जिससे पथरी, यूरिन इंफेक्शन और गंभीर मामलों में एक्यूट किडनी फेल्योर का खतरा बढ़ सकता है।

## कैंसर का भी हो सकता है खतरा

क्या आप जानते हैं कि अगर आपमें लंबे समय से डिहाइड्रेशन की दिक्कत बनी हुई है तो इससे कुछ प्रकार के कैंसर का जोखिम भी बढ़ जाता है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पानी कितना जरूरी है ये जानते हुए भी अधिकतर लोग रोजाना 2-3 लीटर पानी नहीं पीते हैं।

पैंक्रियाटिक कैंसर एक्शन के फार्मासिस्ट एम्बेसडर डॉ एडे विलियम्स कहते हैं, पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन पैंक्रियाज के एंजाइम बनाने की प्रक्रिया पर असर डाल सकती है, जिससे शरीर में पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण की गति धीमी हो जाती है। अपने शरीर को एक इंजन की तरह समझें, पानी पीने से यह इंजन ठीक से चलता रहता है।



# रात का भोजन कब और कितना करना चाहिए, जानना जरूरी

भागदौड़ भरी जिंदगी ने हमारे जीवन में कई बदलाव ला दिए हैं। आजकल की व्यस्त दिनचर्या और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण अक्सर हम अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। सही समय पर और हेल्दी डाइट का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन हम कई बार इसे अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। इसका सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है।

## स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार

स्वस्थ और फिट रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। विशेषकर रात का भोजन सही समय पर और सही मात्रा में लेना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। एक्सपर्ट्स और कई शोध बताते हैं कि फिटनेस बनाए रखने के लिए डिनर पर ध्यान देना चाहिए। कुछ खास आइटम्स हैं जिन्हें रात के भोजन में शामिल न करना ही बेहतर होता है।

## रात का भोजन और समय

ऑफिस में देर तक काम करने, टीवी देखने या मोबाइल



में व्यस्त रहने के कारण हम अक्सर रात का खाना सही समय पर नहीं खा पाते। थकावट के बाद सही समय पर डिनर करना बहुत जरूरी है। अगर आप देर से खाना खाते हैं, तो इससे भोजन पचने में कठिनाई होती है और आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है।

## सही भोजन का चुनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह का नाश्ता भारी होना चाहिए और रात का खाना हल्का होना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया सही रहती है। हैवी भोजन रात के समय पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम तीन घंटे का अंतर होना चाहिए।

रात के भोजन में रोटी, दाल, मिक्स वेजिटेबल, सलाद और पत्तेदार हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। पत्तेदार हरी सब्जियों में भरपूर फाइबर होता है, जो सेहत और डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाता है। डिनर में दाल से बनी खिचड़ी, दाल का सूप, वेजिटेबल सलाद, ओट्स और दलिया अच्छे विकल्प हैं क्योंकि ये सुपाच्य होते हैं यानी आसानी से पच जाते हैं। कुल मिलाकर, ऐसा खाना चुनें जो आसानी से पचे।

## चाय और कॉफी का सेवन

एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देर तक काम करते समय चाय या कॉफी का सेवन करना आम बात है, लेकिन डिनर के बाद इन्हें पीने से नींद आने में दिक्कत होती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो नींद को प्रभावित कर सकता है। इसके बजाय, डिनर के कुछ समय बाद गुनगुना दूध पीना फायदेमंद हो सकता है। गुनगुना दूध हड्डियों को मजबूत करता है और नींद को बेहतर बनाता है।



# गोंडवाना कप में शानदार मुकाबले, फाइनल आज



**रायपुर।** गोंडवाना कप ऑल इंडिया मेंस एवं विमेंस रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम जोरा, रायपुर में जारी है। गुरूवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में दर्शकों को शानदार मैच देखने का मौका मिला। इन सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष एकल में प्रसाद इंगल ने श्रिवांत मुम्मडी को 6-2, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। नैसिक रेड्डी ने अनुप बंगार्गी को 7-6 (7-5), 6-2 से पराजित किया।

महिला एकल में आयुषी तंवर ने स्निग्धा पतिबंडला को 7-6 (11-9), 6-0 से हराया। साक्षी चौधरी ने थानिया सराय को 6-0, 6-1 से मात दी। पुरुष युगल अनुप/निरव की जोड़ी ने शौर्य/प्रत्युष को 6-3, 6-3 से हराया। प्रसाद/परितोष ने रिशित/प्रबीर को 6-3, 6-2 से पराजित किया। महिला युगल में साक्षी/अनन्या की जोड़ी ने आयुषी/थानिया को कड़े मुकाबले में 2-6, 7-6 (12-10), 10-7 से हराया। स्निग्धा/इरम ने आनंदिता/मृणालिनी को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा का समापन समारोह 10 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे से इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम जोरा, रायपुर में आयोजित है। मुख्य अतिथि अरुण साव उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल धुपर सेकरेट्री जनरल आईटा,आशीष सराफ चेयरमेन मनोरमा इंडस्ट्रीज, डॉ हिमांशु द्विवेदी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टेनिस और गुरुचरण सिंह होरा सचिव छत्तीसगढ़ टेनिस होंगे।



# सीएससीएस अंडर-23 संघर्ष जारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीस अंडर 23 सिलेक्शन मैच के पहले एवं दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन में बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट जोन पहली पारी में 351 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी मे वेस्ट जॉन ने पहली पारी में सात विकेट पर 173 रन बनाए।

आरडीसीए रायपुर में टीम साउथ जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में बल्लेबाजी करते हुए साउथ जोन टीम पहली पारी 236 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन पहली पारी में 145 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 214 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार 8 अप्रैल को रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम साउथ जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन का मैच हुआ। परिणाम साउथ जोन 8 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन 154 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने दो विकेट पर 155 रन बनाए। इसी तरह रेलवे स्टेडियम बिलासपुर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 144 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन 322 रन पर आउट हुई औ्र बल्लेबाजी में वेस्ट जोन 178 रन पर आउट हुई।

वहीं गुरुवार को रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध वेस्ट जोन में सेंट्रल जोन ने 10 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन 99 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन 89 रन पर आउट हुई। रेलवे स्टेडियम बिलासपुर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 56 से जीता। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन 175 रन पर आउट और बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन 119 रन पर आउट हुई।

कार्नर न्यूज

## कम खर्च में भी आप नई जगहों पर मना सकते हैं गर्मियों की छुट्टियां

# शिमला-मनाली नहीं, गर्मियों में इन जगहों पर जाकर आपको ठंडक के साथ मिलेगा सुकून

धुंध भरे पहाड़ों, खूबसूरत झीलों के बीच शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लेने के लिए आपको कुछ ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप गर्मियों के महीने में घूमने की योजना बना सकते हैं।

अप्रैल का महीना है और राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। चटकती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडी जगहों पर जाना चाहते हैं। हालांकि कम तापमान या ठंडी जगहों का जिक्र होते ही सबसे पहले शिमला मनाली की याद आती है। ये ऐसे हिल स्टेशन है, जहां साल भर पर्यटकों की भीड़ रहती है।

लेकिन आप इस उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए ऐसे ऑफबीट हिल स्टेशन को चुनें, जहां का मौसम सुहावना हो और माहौल शांत हो। इस तरह के हिल स्टेशनों पर भीड़ कम होती है और सुकून ज्यादा होता है। धुंध भरे पहाड़ों, खूबसूरत झीलों के बीच शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लेने के लिए आपको कुछ ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप गर्मियों के महीने में घूमने की योजना बना सकते हैं।



## कलगा गांव

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पार्वती घाटी पर पुलगा डैम के पास कलगा गांव स्थित है जो ट्रैकिंग के लिए लोकप्रिय स्थल है। अप्रैल के महीने में कलगा का अधिकतम तापमान औसत 14 डिग्री सेल्सियस तक रहता है और निम्नतम -4 डिग्री सेल्सियस रहेगा। ट्रैकिंग के शौकीन हैं तो कलगा गांव का रुख करें। इस 28 किमी लंबे ट्रैक को पूरा करने में तीन दिन का वक्त लग सकता है। ट्रैकिंग के अलावा यहां पहाड़ी की चोटी से मणिकर्ण घाटी



का अद्भुत नजारा दिखता है। सूर्यास्त का दृश्य तो बहुत ही मनमोहक होता है।

## कैसे पहुंचे कलगा, हिमाचल प्रदेश

कलगा पहुंचने के लिए हवाई अड्डे से 25 किलोमीटर की दूरी पर मणिकर्ण है, जहां के लिए बस या टैक्सी आसानी से मिल जाती हैं। मणिकर्ण से 10 किमी दूर कलगा गांव है, जहां से ट्रैक की शुरुआत होती है। इसके अलावा आप कुल्लू जिला पहुंचकर यहां से भुंतर तक सड़क मार्ग से पहुंचें।

## स्पीति वैली

स्पीति वैली हिमाचल प्रदेश के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में शामिल है। यहां सर्दियों में बहुत ज्यादा ठंड पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में भी यहां का तापमान सर्दियों की तरह ही कड़कड़ाती ठंड वाला होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच गर्मी में भी सर्दी को महसूस किया जा सकता है। अप्रैल के महीने में स्पीति वैली का तापमान अप्रैल के महीने में माइनस में रहता है। न्यूनतम यहां माइनस 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहता है। यह मार्च से जून तक पर्यटकों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' में हुई डॉक्टर बैनर की एंट्री



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का आज ट्रेलर जारी किया जा चुका है। लंबे इंतजार के बाद फिल्म की झलक में टॉम हॉलैंड और ब्रूस बैनर की जुगलबंदी साफ नजर आई। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में (टॉम हॉलैंड) पीटर पार्कर (जेंडाया) मिशेल यानी एमजे जोन्स वॉटसन के वीडियो देखने से होती है। जिसको देखने के बाद पीटर काफी नाराज हो जाता है और एक ऊंची बिल्डिंग से नीचे गिर जाता है। ट्रेलर में आगे यह भी दिखाया गया कि फिल्म में पीटर को किसी वजह से सभी भूल जाते हैं, यहां तक की उसकी गर्लफ्रेंड मिशेल और उसका दोस्त भी उसे नहीं पहचानते। आखिर में ब्रूस बैनर की एंट्री भी दिखाई गई है।
ट्रेलर में एक सीन ऐसा भी दिखाया गया है कि पीटर पार्कर किसी वजह से अपनी शक्तियां खो देता है। उसके स्पाइडर जाल बनाने की शक्ति काम नहीं करती है, जिसकी वजह से वह एक ऊंची बिल्डिंग से गिर जाता है। टॉम हॉलैंड ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'अब एक नए दिन की शुरुआत हो रही है।' इसके साथ ही टॉम ने लिखा कि वह अपनी इस फिल्म को सभी के साथ शेयर करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आज 18 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में टॉम हॉलैंड, जेंडाया, और मार्क रफ्लो ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसका निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।

### टॉलीवुड

## 'डकैत' का ट्रेलर रिलीज, दिखी अदिवि-मृणाल की फिल्म की झलक



फिल्म 'डकैत' में पहली बार अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर साथ नजर आ रहे हैं। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म 'डकैत' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसकी जानकारी फिल्म के अभिनेता अदिवि शेष ने भी एक्स हैंडल पर शेयर की है। अभिनेता आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' , जो पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, हाल ही में उसकी नई रिलीज की तारीख तय की गई है। अब यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हिंदी और तेलुगु में एक साथ फिल्माई गई 'डकैत' फिल्म की कहानी और पटकथा आदिवी शेष और शेनिल देव ने संयुक्त रूप से तैयार की है, जिन्होंने फिल्म का निर्देशन भी किया है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा इस फिल्म में निर्देशक अनुराग कश्यप एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

### छॉलीवुड

## मार्शल आर्ट्स लीजेंड शेट्टी की छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एंट्री



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के संवेदनशील कलाकार राज साहू अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जोहार छत्तीसगढ़-2' के जरिए पर्दे पर एक्शन का तूफ़ान लाने वाले हैं। जो सीधे बॉलीवुड और हॉलीवुड को टक्कर देगा। अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन, अक्षय कुमार, अजय देवगन और प्रियंका चोपड़ा जैसे दिग्गजों को ट्रेनिंग देने वाले 'चीता जीत कुन डो ग्लोबल स्पोर्ट्स फेडरेशन' के संस्थापक और अध्यक्ष चीता यज्ञेश शेट्टी अब राज साहू की फिल्म में स्टंट और एक्शन का जलवा बिखेरेंगे।
राज साहू का मानना है कि ₹यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा के गौरव को वैश्विक स्तर पर ले जाने की एक कोशिश है।₹ हाल ही में मुंबई के अंधेरी में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने में छत्तीसगढ़ के मार्शल आर्ट्स गुरु श्याम गुप्ता की मध्यस्थता अहम रही। इस मौके पर गुरु ओमप्रकाश जी भी उपस्थित रहे। बैठक के बाद यह साफ़ हो गया है कि जैकी चेन और रोजर मुन जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ काम कर चुके यज्ञेश शेट्टी की मौजूदगी फिल्म को एक भव्य और अंतरराष्ट्रीय कलेवर प्रदान करेगी। फिल्म 'जोहार छत्तीसगढ़-2' खास इसलिए है कि इसमें सच्चे मुद्दों की गूँज सुनाई देगी। राज साहू अपनी फिल्मों में छत्तीसगढ़िया हितों और सामाजिक ज्वलंत मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं। 'जोहार छत्तीसगढ़' को मिले जबरदस्त प्रतिसाद के बाद दर्शकों की उम्मीदें अब आसमान पर हैं। इसके एक्शन के लिए सीधे बॉलीवुड के सबसे बड़े ट्रेनर को साइन किया गया है। जल्द ही इस फ़ल्मि की शूटिंग यहाँ के असली लोकेशन्स पर शुरू होगी।

### एलए में इंडिया

### लाइफ स्टाइल



लॉस एंजिल्स (एलए) का फ़ैशन हमेशा से ही सहजता के बारे में रहा है, और यही बात भारतीय फ़ैशन पर भी लागू होती है। बेवर्ली हिल्स की छतों और मालिबू के बीच रिज़ॉर्ट से लेकर सांता मोनिका के स्टाइलिश बैकयार्ड और वेस्ट हॉलीवुड की टेरेस पार्टियों तक, एलए में भारतीय फ़ैशन हर जगह और बेहद सहजता से नज़र आता है।

## चेहरे घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने से पहले जान लें हकीकत, उड़ सकती है रंगत

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में हर किसी को इस मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना चाहिए। यदि गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान न रखा जाए तो मई-जून में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते लोग अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने लगते हैं।

**नींबू का रस :** यदि आप नींबू का रस चेहरे पर लगा रहे हैं तो हमेशा ही इस बात का रखें कि नींबू के रस में पाए जाना वाला एसिड त्वचा को ड्राई कर देता है। ऐसे में जब आप इस भीषण गर्मी में नींबू का रस लगाकर बाहर जाएंगे तो आपको चेहरे पर जलन या एलर्जी की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए इसका उपयोग जितना हो सके न ही करें।

**हल्दी:** जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील है, उन्हें तो गर्मी के मौसम में हल्दी के इस्तेमाल से बचना ही चाहिए। हल्दी के उपयोग से कई बार त्वचा पर सूजन तक आ जाती है। इतना ही नहीं, कई बार इसके इस्तेमाल से ही आपकी त्वचा पीली पड़ सकती है। इसलिए हल्दी से भी दूरी बनाकर रखें।

**टी ट्री ऑयल :** आजकल अक्सर फेसपैक से लेकर फेस वॉश तक में ये पाया जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, लेकिन यह संवेदनशील त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल कभी भी सीधे त्वचा पर न करें। इसे हमेशा पानी या किसी अन्य तेल के साथ मिलाकर प्रयोग करें।



**दही:** गर्मी के मौसम में त्वचा पर दही काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही दही अगर ज्यादा समय के लिए त्वचा पर लगाया जाए तो आपकी त्वचा को डैमेज कर सकता है। इसलिए भले ही ये आपको सूट कर रहा है, लेकिन फिर भी इसका इस्तेमाल कम से कम ही करें।

## समर में अपने स्टाइल से बिखेरें जादू, ये आउटफिट आएंगे काम



गर्मी के मौसम में अधिकतर लड़कियां ऐसे ऑउटफिट पहनना पसंद करती हैं, जो आर्कषक लुक देने के साथ-साथ गर्मी से भी बचाए। लेकिन आप आउटफिट के रंग और फैब्रिक को ध्यान में रखकर न सिर्फ गर्मी को मात दे सकती हैं, बल्कि आकर्षक लुक भी पा सकती हैं। वहीं, यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो हमेशा खूबसूरत दिखना चाहती हैं और स्टाइल से कोई समझौता नहीं करतीं, तो आपको इस साल का समर ट्रेंड जरूर जान लेना चाहिए।



### छाया रहेगा बोहो लुक



इस साल स्प्रिंग और समर सीजन के दौरान बोहो फैशन काफी चलन में रहेगा। समर सीजन में बोहो लुक एक बहुत ही स्टाइलिश और आरामदायक विकल्प होता है। इसमें हल्के, फ्लोइंग कपड़े, जैसे कि क्रॉप टॉप्स, डेनिम शॉर्ट्स और एथनिक प्रिंट्स वाली ड्रेसेस शामिल हैं। इस लुक को कैजुअल और फ्री-स्पिरिटेड बनाते हुए दुपट्टे, बेली बूट्स और फ्लैट सैंडल्स के साथ स्टाइल किया जा सकता है। एक्सेसरीज में चूड़ियां, चंकी नेकलेस और हिप्पी स्टाइल की मदद से बोहो लुक को कंप्लीट किया जा सकता है। हल्के रंगों और नेचुरल टोन के कपड़े समर सीजन के लिए परफेक्ट हैं, जो आरामदायक और ट्रेंडी, दोनों हैं।

### शर्ट के जलवे

इस साल अगर आप स्टाइल और आराम, दोनों की तलाश में हैं तो बैगी शर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह इस सीजन के सबसे हॉट ट्रेंड में से एक है। ओवरसाइज्ड, लूज और रिलेक्स्ड फिट वाली इन शर्ट्स को आप जींस, लूज फिटेड शॉर्ट, स्कर्ट या ब्रालेट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा साल भर डुअल टोन शर्ट का ट्रेंड भी छाया रहेगा। इसमें आपको ब्राइट एंड वाइब्रेट कलर शेड मिलेंगे। बैगी शर्ट को आप ड्रेस, जैकेट, लेयरिंग पीस या नॉर्मल शर्ट की तरह पहन सकती हैं। यह हर स्टाइल के साथ फिट हो जाती है।

## आईलाइनर लगाकर सोने के हैं नुकसान, आपको जानना जरूरी

दरअसल, अक्सर कुछ महिलाएं रात के समय लाइनर लगाकर सो जाती हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी गहरा असर पड़ता है। हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं कि रात से समय लाइनर लगाकर सोने से आंखों को क्या नुकसान पहुंच सकते हैं।

### बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतरा

आंखों में न सिर्फ लाइनर बल्कि कोई भी मेकअप लगाकर सोने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आई लाइनर में ऐसे केमिकल पाए जाते हैं जो आंखों के लिए खतरा हैं। इसलिए जब भी रात को सोएं तो मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करके लाइनर को हटा दें।

### होने लगती है जलन

आंखों में लाइनर लगाकर सोने से आंखों में जलन की संभावना पैदा हो सकती है। क्योंकि सोते समय जब आंखें बंद होती हैं तो लाइनर में पाए जाने वाले कण आंखों के अंदर चले जाते हैं, जिस वजह से सुबह तक आपके आंखों में जलन हो सकती है। कई बार तो आंखों में सूजन तक आ जाती है।



### डार्क सर्कल की समस्या

इस समस्या से तो आजकल ज्यादातर लोग ही परेशान हैं। यदि आप भी डार्क सर्कल से परेशान हैं तो इस बात पर ध्यान दें कि कहीं आप भी तो लाईनर लगाकर नहीं सो जातीं। इसकी वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या बढ़ती जा रही है। इसलिए सोने से पहले आईमेकअप को रिमूवर से साफ करें और फिर चेहरे को क्लींजर से धो लें।

## हेयर स्पा से हो सकता है नुकसान भी, आपको होनी चाहिए जानकारी

यदि आप भी हर महीने सैलून जाकर हेयर स्पा कराती हैं तो उसके नुकसान जान लीजिए। ये आपके बालों को काफी ज्यादा प्रभावित करता है। हेयर स्पा एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे बालों में नई चमक सी आ जाती है। इसको कराने से बालों से सम्बंधित कई परेशानियां भी दूर रहती है। यही वजह है कि महिलाएं एक महीने में दो से तीन बार हेयर स्पा कराना पसंद करती हैं। हेयर स्पा में शैंपू, हेयर क्रीम, हेयर मास्क और कंडीशनर वगैरह लगाकर बालों की डीप मॉइश्चराइजिंग की जाती है, साथ ही स्टीम भी दी जाती है। इसकी वजह से बाल काफी ज्यादा चमक जाते हैं। वैसे तो इससे बालों को काफी लाभ मिलते हैं, लेकिन यदि हेयर स्पा को बार-बार कराया जाए तो इससे बालों को काफी नुकसान पहुंचता है। यहां हम आपको इन्हीं नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी हेयर स्पा करने से पहले एक बार सोच लें।

### बढ़ेगी हेयर फॉल की समस्या

यदि आप नियमित रूप से हेयर स्पा लेंगी तो हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है। ये परेशानी ज्यादातर उन लोगों में होती है, जिसकी स्कैल्प संवेदनशील होती है। सेंसिटिव स्कैल्प वाले लोगों को हर हेयर केयर प्रोडक्ट सूट नहीं करता है। इसलिए यदि वो हेयर स्पा करा भी रही हैं तो प्रोडक्ट को एक बारी चेक कर लें, ताकि आपको किसी तरह का कोई खतरा न रहे।



### स्कैल्प को पहुंचाएगा नुकसान

कई बार हेयर स्पा करने में ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल होता है, जिनमें भारी मात्रा में केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे में यदि आपको इन केमिकल्स से एलर्जी हो, तो हेयर स्पा करने से बचें। केमिकल वाले प्रोडक्ट स्कैल्प या बालों को और भी नुकसान पहुँचाने का कारण बन सकता है।

### कार्नर न्यूज

### आम फेशियल से अलग हट कर है हाइड्रा, जानिए इसके बारे में

## चलन बढ़ रहा हाइड्रा फेशियल का, इस्तेमाल करने से पहले ही जान लें इसके फायदे और नुकसान

निखार जरूरी है, क्योंकि यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इसके लिए ढेर सारे ब्यूटी ट्रीटमेंट आ चुके हैं। इन्हीं में से एक है हाइड्रा फेशियल। जानकार कहते हैं कि यह आम फेशियल से अलग है।
प्रदूषण, तरह-तरह के सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल और अव्यवस्थित जीवन-शैली त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। मगर खूबसूरती मायने रखती है, इसीलिए सभी तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को ध्यान में रखते हुए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स डिजाइन किए गए हैं, जैसे- एंटी-एजिंग फेशियल, गोल्ड फेशियल और एक्ने फेशियल। इसी कड़ी में जुड़ा है, हाइड्रा फेशियल। जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि यह स्किन को हाइड्रेट करता है और कई तरह से लाभ पहुंचाता है।

तीन स्टेप की प्रक्रिया

हाइड्रा फेशियल एक मल्टी-स्टेप प्रक्रिया है। यह त्वचा को साफ कर उसे आराम पहुंचाती है। इसके मुख्य रूप से तीन चरण हैं, जिसमें पहला है- क्लींजिंग और एक्सफोलिएशन। इसमें त्वचा की गहरी सफाई की जाती है और मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटिंग उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है।



फिर बारी आती है, एंट्रीऑक्सिडेंट और हाइड्रेशन की, जिसमें त्वचा को हाइड्रेट और पोषित करने के लिए कस्टम सीरम लगाया जाता है। अंत में बारी आती है एक्सट्रैक्शन और हाइड्रेशन की, जिसमें ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए गहराई से एक्सट्रैक्शन कर त्वचा को हाइड्रेट किया जाता है।

### कोलेजन उत्पादन में वृद्धि

हाइड्रा फेशियल करवाने के बाद आपको अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत नहीं, बल्कि आप तुरंत अपने रूटीन में लौट सकती हैं। इसकी मदद से आप स्किन को हाइड्रेड कर सकती है। यह डेड स्किन को हटाता है, जिससे एक्ने की समस्या से छुटकारा मिलता है। त्वचा नरम और मुलायम होती है। इसके अलावा फाइन लाइन और एजिंग लाइन भी कम की जा सकती है। हाइड्रा फेशियल त्वचा को फ्रेश कर कोलेजन के उत्पादन को बढ़ाता है।

सबके लिए नहीं

जिनकी त्वचा संवेदनशील है, उन्हें हाइड्रा फेशियल से बचना चाहिए। असल में, इस फेशियल से डेड सेल्स को हटाया जाता है और डेड सेल हटाने की प्रक्रिया सभी तरह की त्वचा के लिए अनुकूल नहीं होती है। साथ ही हाइड्रा फेशियल कराने से स्किन ड्राई होती है, जिस कारण त्वचा में जलन महसूस हो सकती है। वहीं, यदि हाइड्रा फेशियल उपचार सक्रिय दाने या सनबर्न पर किया जाए तो यह स्थिति को और खराब कर सकता है। यह ट्रीटमेंट केवल एपिडर्मोइड तक ही जाता है।

